दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-121 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरुवार, 26 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'समय और परिस्थिति कभी स्थायी नहीं होते, लेकिन आपका धैर्य और निरंतर प्रयास ही आपकी असली पहचान बनाते हैं।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### शब्द, संबंध और सत्य-जीवन को संतुलित करने की अनिवार्य शर्त

मानव जीवन जितना सरल दिखाई देता है, उतना ही जटिल भी है। यह जटिलता केवल परिस्थितियों से नहीं, बल्कि हमारे विचारों, शब्दों और व्यवहार से भी उत्पन्न होती है। अक्सर हम यह भूल जाते हैं कि हमारे द्वारा बोले गए शब्द, बनाए गए संबंध और अपनाया गया दृष्टिकोण ही हमारे जीवन की दिशा तय करते हैं। शब्द भले ही मुफ्त में मिलते हैं, लेकिन उनका प्रभाव इतना गहरा होता है कि वे या तो हमें सम्मान दिला सकते हैं या भारी कीमत चुकाने के लिए मजबूर कर सकते हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

आज के समय में संवाद की गति तो बढ़ी है, लेकिन उसकी संवेदनशीलता कम होती जा रही है। लोग बिना सोचे-समझे कुछ भी कह देते हैं, बिना यह समझे कि उनके शब्द किसी के मन को आहत कर सकते हैं। यही कारण है कि रिश्तों में दूरियां बढ़ रही हैं और समाज में तनाव का स्तर भी लगातार बढ़ रहा है। शब्दों का सही चयन न केवल एक कला है, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। यदि हम अपने शब्दों को संयमित और सकारात्मक बना लें, तो कई विवाद स्वतः ही समाप्त हो सकते हैं। इसी संदर्भ में गन्ने का उदाहरण अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है। गन्ने में जहां गांठ होती है, वहां रस नहीं होता और जहां रस होता है, वहां गांठ नहीं होती। यही सिद्धांत हमारे जीवन और संबंधों पर भी लागू होता है। यदि हमारे रिश्तों में 'गांठ' यानी अहंकार, गलतफहमी और कटुता आ जाती है, तो उनमें 'रस' यानी प्रेम, विश्वास और मधुरता समाप्त हो जाती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपने संबंधों में मिठास बनाए रखें और किसी भी प्रकार की गांठ को पनपने न दें।

वर्तमान समाज की एक और बड़ी समस्या यह है कि लोग अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय उन्हें सही साबित करने में अधिक ऊर्जा लगाते हैं। हर स्तर पर-चाहे वह परिवार हो, कार्यस्थल हो या सामाजिक जीवन-यह प्रवृत्ति देखने को मिलती है। गलत को सही साबित करने की यह जद्दोजहद न केवल व्यक्तिगत विकास में बाधा डालती है, बल्कि मानसिक तनाव का भी प्रमुख कारण बनती है। वास्तव में, इंसान से गलती होना स्वाभाविक है। कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता। लेकिन गलती को स्वीकार करने के बजाय उसे सही ठहराने की कोशिश करना एक प्रकार की मानसिक गुलामी है। यह गुलामी हमारे अहंकार की होती है, जो हमें सच्चाई को स्वीकार करने से रोकती है। जब हम अपनी गलतियों को स्वीकार नहीं करते, तो हम उनसे सीखने का अवसर भी खो देते हैं।

यदि हम अपने जीवन में सही को सही और गलत को गलत मानने का साहस विकसित कर लें, तो बहुत सी समस्याएं स्वतः समाप्त हो सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम केवल दूसरों का ही नहीं, बल्कि खुद का भी ईमानदारी से विश्लेषण करें। आत्मविश्लेषण एक ऐसा दर्पण है, जो हमें हमारी वास्तविक स्थिति दिखाता है। यह हमें यह समझने में मदद करता है कि हम कहाँ सही हैं और कहाँ सुधार की आवश्यकता है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में लोग अपनी छवि को बनाए रखने के लिए सच्चाई से समझौता करने लगे हैं। वे यह सोचते हैं कि यदि उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली, तो उनकी प्रतिष्ठा कम हो जाएगी। लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है। जो व्यक्ति अपनी गलती स्वीकार करता है, वही वास्तव में मजबूत और परिपक्व होता है। क्योंकि सच्चाई को स्वीकार करना साहस का काम है, जबकि उसे छिपाना कमजोरी का प्रतीक है। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि हम दूसरों की गलतियों को भी समझने और माफ करने की क्षमता विकसित करें। हर व्यक्ति अपने अनुभवों और परिस्थितियों के आधार पर निर्णय लेता है। इसलिए हमें किसी के प्रति कठोर निर्णय लेने से पहले उसकी स्थिति को समझने का प्रयास करना चाहिए। इससे न केवल हमारे संबंध मजबूत होंगे, बल्कि समाज में भी सकारात्मकता का वातावरण बनेगा।

**अंततः** यह कहा जा सकता है कि जीवन को संतुलित और सुखद बनाने के लिए हमें तीन बातों पर विशेष ध्यान देना होगा-शब्दों का चयन, संबंधों में मिठास और सत्य को स्वीकार करने का साहस। यदि हम इन तीनों को अपने जीवन में उतार लें, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन बेहतर होगा, बल्कि हम एक स्वस्थ और सकारात्मक समाज के निर्माण में भी योगदान दे सकेंगे। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने शब्दों को सोच-समझकर बोलें, अपने संबंधों में प्रेम और विश्वास बनाए रखें और सबसे महत्वपूर्ण-सत्य को स्वीकार करने का साहस रखें। क्योंकि यही वे मूल तत्व हैं, जो जीवन को सरल, सुंदर और सार्थक बनाते हैं।

**महिलाओं ने सिर पर मिट्टी के चूल्हे रख जताया विरोध:**

# महिला कांग्रेस ने किया सीएम आवास की तरफ कूच, पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

**भीम प्रज्ञा न्यूज**




**जयपुर ।** प्रदेश में रसोई गैस की किल्लत को लेकर राजस्थान महिला कांग्रेस ने बुधवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया। संगठन प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने पीसीसी मुख्यालय से सीएम आवास की तरफ कूच किया। कई महिला कार्यकर्ताओं ने अपने सिर पर अंगीठी और मिट्टी के चूल्हे रखे हुए थे। संसार चंद्र रोड से सीएम आवास की तरफ कूच कर रही महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई। रोके जाने पर उन्होंने मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संगठन की तरफ से चेतावनी दी गई कि अगर जनता को जल्द रसोई गैस उपलब्ध नहीं कराई, तो आने वाले दिनों में बड़ा प्रदर्शन होगा। संगठन अध्यक्ष सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने वायदा किया था कि हम महंगाई को कम करेंगे। आज 2000 रुपए में भी सिलेंडर नहीं मिल रहा। सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं। मोदी सरकार की गलत विदेश नीतियों और घरेलू नीतियों के कारण देश में हाहाकार मचा हुआ है।

### बिना भीड़ व मुद्दे का प्रदर्शन फ्लॉप शो: राखी राठौड़

महिला कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर सियासत गरमा गई है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने इस प्रदर्शन को पूरी तरह फ्लॉप शो करार देते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन को न तो आम जनता का समर्थन मिला और न ही महिलाओं की भागीदारी मिली।

भीड़ का अभाव ही इस बात का संकेत है कि जनता अब कांग्रेस की राजनीति को समझ चुकी है। राखी राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक बार फिर झूठ, भ्रम और अफवाह फैलाने की राजनीति कर रही है। वैश्विक संकट के समय देश को एकजुट होने की आवश्यकता है, लेकिन कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए भय और असंतोष का माहौल बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि एलपीजी का कोई संकट नहीं है।

# हरियाणा में रातोंरात 21 IAS अधिकारियों का ट्रांसफर



हरियाणा सरकार ने देर रात 21 IAS और 42 HCS अफसरों के ट्रांसफर कर दिए। प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई जिलों और विभागों में जिम्मेदारियां भी बदली गई हैं। कई अधिकारियों को नई पोस्टिंग दी गई, जबकि कुछ को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। अधियारियों के ये ट्रांसफर तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। गीता भारती को हिसार मंडल का कमिश्नर बनाया गया है। वहीं रवि प्रकाश गुप्ता को गुरुग्राम मंडल के कमिश्नर की जिम्मेदारी दी गई है। अमित कुमार अग्रवाल (IAS) को कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड का सदस्य सचिव बनाया गया, साथ ही अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई। उधर, आईएएस अमित अग्रवाल को 2 दिन पहले ही फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी का प्रशासक नियुक्त किया गया था। अब उन्हें केडीबी की जिम्मेदारी दे दी गई है।

# इंद्रपुरा में रात्रि चौपाल आयोजित, कलेक्टर ने सुनी जनसमस्याएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**



जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत समिति उदयपुरवाटी की ग्राम पंचायत इंद्रपुरा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर ही समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जाए। चौपाल के दौरान पेयजल, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं राजस्व से जुड़े मामलों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस दौरान एसीईओ रामनिवास चौधरी, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी, जिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव, सीसीबी एमडी संदीप शर्मा समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# टोहाना के कर्मचारियों ने खो-खो में जीते पदक, पुणे में हरियाणा का बढ़ाया मान

### एसडीएम आकाश शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को दी बधाई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा खो-खो प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में टोहाना एसडीएम कार्यालय में कार्यरत दो कर्मचारियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए।एसडीएम कार्यालय टोहाना में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत राजीव और सीमा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। राजीव ने पुरुष टीम के सदस्य के रूप में खेलते हुए अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं, सीमा ने महिला टीम की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को रजत पदक दिलाया। इस उपलब्धि पर एसडीएम आकाश शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकारी दायित्वों के साथ-साथ खेलों में इस तरह की उपलब्धि हासिल करना प्रेरणादायक है। राजीव और सीमा ने अपनी सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके जीवन का बेहद यादगार क्षण है। उन्होंने बताया कि नौकरी के साथ खेल के लिए समय निकालना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विभागीय अधिकारियों और सहकर्मियों के सहयोग से यह संभव हो पाया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से एसडीएम कार्यालय टोहाना सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन अन्य लोगों के लिए प्रेरणा है।

# श्रीराम के जयकारों से पलसाना हुआ भगवामय, विशाल भगवा रैली शोभायात्रा निकाली

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**



रामनवमी के उपलक्ष पर पलसाना में विशाल भगवा रैली एवं शोभायात्रा निकाली गई। रघुनाथ जी का मंदिर से शुरू हुई रैली मेहता का बास, गोवटी रोड बालाजी मंदिर, लाल चौक, सरकारी हॉस्पिटल, बस्सी होते हुए पोस्ट ऑफिस रोड, खडेंला रोड, रामलीला मैदान से रघुनाथ जी का मंदिर पहुंची। रैली में कार्यकर्ता एवं बच्चे हाथों में भगवा ध्वज एवं तिरंगा झंडे लहराते हुए डीजे के साथ नाचते गाते प्रमुख मार्गो से होते हुए बालाजी मंदिर पहुंचे। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा से शानदार स्वागत किया गया .इस दौरान शोभायात्रा भी निकाली गई। माकुल व्यवस्था के साथ रानोली पुलिस थानाधिकारी के निर्देशन में पुलिस जाब्ता तैनात रहा ।इस मौके पर एसीबीईओ कैलाश चंद्र लाटा,ओमप्रकाश शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा, रमाकांत विजय, जोरावर सिंह, हरीश कादिया, एडवोकेट राजेश कुमार शर्मा, लालचंद स्वामी, जितेंद्र जांगिड़, सहित अनेक महिलाएं पुरुष मौजूद रहें।

# पलसाना के छात्र-छात्राओं ने रचा इतिहास

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**






**पवन कुमार शर्मा ।** संस्कार भारती सीनियर सैकंडरी स्कूल पलसाना के करण यादव पुत्र शायर राम यादव ने सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में 96' अंक प्राप्त करके विद्यालय गांव व जिले काअ नाम रोशन किया। संस्था निदेशक प्रमोद कुमार भारद्वाज ने बताया कि करण यादव ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया है। फ्रेंड्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांवलपुरा की शगुन ने 95' ब्राइट स्कूल पलसाना के आयुष कुमावत ने 98.50, योगिता शर्मा 97. 17, सरिता 96.50, योगेश जांगिड़ 96.50, शिवानी 96 तथा तनु ने 94.33 अंक प्राप्त किया, विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं का शानदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया मिठाई बांटी गई।

# खेतड़ी विवेकानंद इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट: तीसरे दिन मीडिया व पुलिस टीमों का जलवा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ खेतड़ी नगर।**

### दूधिया रोशनी में खेले गए रोमांचक मुकाबले, मीडिया टीम के विनय कुमार बने मैन ऑफ द मैच





खेतड़ी नगर के नेहरू मैदान में चल रही विवेकानंद इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां मीडिया और पुलिस विभाग की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। रात्रिकालीन मैचों में खेल भावना और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। तीसरे दिन का पहला मुकाबला हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड और मीडिया टीम के बीच खेला गया, जिसमें मीडिया टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं दूसरा मुकाबला पशुपालन विभाग और पुलिस विभाग के बीच हुआ, जिसमें पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जीत अपने नाम की। मीडिया टीम के खिलाड़ी विनय कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में केसीसी इकाई प्रमुख जीडी गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक विपिन शर्मा, एसडीएम सुनील कुमार चौहान, तहसीलदार सुनील मील, डीएसपी जुल्फिकार अली, बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता सुभाष मीणा, वेटरनरी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. शिवकुमार सैनी, सरपंच प्रतिनिधि हरिराम गुर्जर, बबलू अवाना, शमशेर चौधरी, डॉ. प्रवीण शर्मा, एडवोकेट महिपाल दोहराता, नगर पालिका के एसआई सुनील कुमार सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

दूधिया कृत्रिम रोशनी में खेले गए इन रात्रिकालीन मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। खेल मैदान में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रतियोगिता का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभा को निखारने का मंच बन रहा है, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।





# टूटे कप, बोतल और डिब्बे

## फेंकना बंद करें! बनाएं स्टाइलिश प्लांटर

घर में कई ऐसी चीजें होती हैं जिन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं–जैसे टूटे मग, प्लास्टिक बोतल, पुराने डिब्बे या फिर नारियल की खोल। लेकिन थोड़ी क्रिएटिविटी से इन्हीं चीजों को डीआईवाई प्लांटर्स में बदलकर शानदार होम गार्डन किया जा सकता है। इससे न केवल किचन वेस्ट का सही इस्तेमाल होता है बल्कि पौधों की ग्रोथ भी अच्छी होती है। छोटे–छोटे कंटेनर पौधों की जड़ों को सुरक्षित रखते हैं और बालकनी या खिड़की को ग्रीन लुक देते हैं। आइए जानते हैं 5 ऐसी बेकार चीजें जिनसे आप आसानी से प्लांटर बना सकते हैं और उनमें कौन–से पौधे सबसे अच्छे उगते हैं।

### टूटे कॉफी मग से मिनी प्लांटर



टूटे या पुराने कॉफी मग छोटे पौधों के लिए बेहतरीन प्लांटर बन सकते हैं। बस नीचे छोटा ड्रेनेज होल बना दें और मिट्टी भरकर पौधा लगा दें। टूटे–फूटे कॉफी मग में आप सुक्यूलेंट, कैक्टस, स्नेक प्लांट या मनी प्लांट की छोटी कटिंग रोप सकते हैं।

### प्लास्टिक बोतल से हैंगिंग प्लांटर

खाली प्लास्टिक बोतल को बीच से काटकर उसमें मिट्टी भरें और रस्सी की मदद से लटका दें। यह बालकनी या दीवार पर शानदार हैंगिंग गार्डन बनाता है। मनी प्लांट, स्पाइडर प्लांट, पुदीना और पोथोस समेत दूसरे हैंगिंग मिनी प्लांट लगा सकते हैं।।

### पुराने टिन के डिब्बों से किचन गार्डन

बिस्किट या फूड के टिन डिब्बे को साफ करके उसमें मिट्टी भरें और किचन हर्ब्स उगाएं। यह छोटा किचन गार्डन बनाने का आसान तरीका है। टिन के डिब्बे के तले में छेद करने के बाद तुलसी, धनिया, पुदीना, पार्सले के प्लांट्स आसानी से ग्रो करते हैं।

### नारियल के छिलके से नेचुरल प्लांटर


नारियल का आधा छिलका मिट्टी भरने के लिए एकदम सही प्राकृतिक कंटेनर होता है। इसे रस्सी से लटकाकर सजावटी प्लांटर भी बनाया जा सकता है। नारियल के छिलके का स्पेस कम होता है, इसलिए इसमें मिनी प्लांट जैसे पोर्टुलाका, सुक्यूलेंट और छोटे फूल वाले पौधे लगा सकते हैं।

### पुराना लकड़ी का बॉक्स या क्रेट

पुराने फ्रूट बॉक्स या लकड़ी के क्रेट को पेंट करके बड़ा प्लांटर बनाया जा सकता है। इसमें कई पौधे एक साथ लगाए जा सकते हैं। पुराना लकड़ी का बॉक्स या क्रेट में लेट्यूस, पालक, टमाटर, गेंदा या छोटे सब्जी पौधे आसानी से बढ़ते हैं।

# टांग दें गुड़हल के पौधे में ये सफेद सस्ती चीज, बिना मुरझाए तेजी से बढ़ेगा पौधा

क्या गुड़हल के गमले में कपूर रखने से कीड़े नहीं लगते? जानें पौधों के पास कपूर रखने के फायदे, यह कैसे कीड़े–मकोड़ों को दूर रखने में मदद करता है और गुड़हल के पौधे की देखभाल के आसान गार्डनिंग टिप्स।



गर्मियों के मौसम में गुड़हल से खूब फूल मिलते हैं। अगर आप भी पूरी गर्मी इस पौधे को खिला रखना चाहते हैं, तो कुछ बातों पर खासा ध्यान देना होगा। अक्सर देखभाल न होने पर गुड़हल के फूल खिलना बंद हो जाते हैं या पत्तियां कटी फटी दिखने लगती हैं। ऐसा कीट, चीटियों या फंगस के कारण हो सकता है। आप केवल कपूर के छोटे टुकड़े को कपड़े में बांधकर गमले में एक डंडी की मदद से टांग दें। ऐसा करने से गुड़हल का पौधा सुरक्षित हो जाएगा। जानिए पौधे में कपूर टांगने से क्या फायदे होते हैं।

कीड़े–मकोड़ों को दूर रखने में मदद

कपूर की तेज सुगंध एफिड्स, मच्छर और कुछ छोटे कीड़ों को गुड़हल के पौधे से दूर रखने में मदद कर सकती है। इससे गुड़हल की पत्तियों और कलियों पर कीड़े लगने का खतरा कम हो जाएगा।

फंगस और बदबू होती है कम

कपूर में हल्के एंटीफंगल गुण होते हैं। गमले के आसपास कपूर रखने से नमी से बनने वाली बदबू और कुछ फंगल समस्या भी कम हो जाती है। ध्यान रखें कि कभी भी कपूर को बिना कपड़े के पौधे में न टांगे। साथ ही पत्तियों से भी न टच कराएं।

चींटियों से बचाव

गर्मियों में चीटिंया बहुत आती हैं। अगर गमले में चींटियां बार–बार आ रही हैं, तो कपूर की खुशबू से दूर भाग जाएंगी। चीटिंया गुड़हल की पत्तियां खा जाती हैं, जिससे पौधे को नुकसान पहुंचता है।

मच्छरों को दूर रखने में मददगार

कपूर की गंध मच्छरों को पसंद नहीं होती हैं इसलिए बालकनी से मच्छरों को भगाने के लिए भी गुड़हल के पौधे में कपूर टांग सकते हैं। गार्डन में पौधों के पास कपूर रखने से वातावरण भी महक उठेगा।

इन बातों का रखें ध्यान

1–2 कपूर की टिकिया को छोटे कपड़े में बांधकर गमले के किनारे टांग दें।

हर 7–10 दिन में कपूर बदल देना बेहतर रहता है। कपड़े के कारण कपूर उड़ जाता है, तो दोबारा कपूर लगाना न भूलें।

कपूर को पीसकर मिट्टी में मिलाने से बचें वरना पौधे पर बुरा असर हो सकता है।



# कबाड़ से बनाएं खूबसूरत गार्डन

## जानें लो-बजट गार्डनिंग के सीक्रेट

अगर आप अपने घर की बालकनी या किसी छोटी सी जगह को, सीमित बजट में एक खूबसूरत बगीचे में बदलना चाहते हैं, तो बेकार पड़ी चीजों से गमले बनाकर, रंग–बिरंगे कपड़ों से सजाकर, लटकने वाले गमले और सस्ती लाइटें लगाकर बिना पैसे खर्च किए अपने घर को फूलों की खुशबू और हरी–भरी हरियाली से भर सकते हैं।

आजकल शहरी इलाकों में लोगों के पास रहने की जगह की अक्सर कमी होती है, नतीजतन, बहुत कम लोग ही अपने घरों में बालकनी गार्डन बना पाते हैं। अगर किसी के पास जगह होती भी है चाहे घर के अंदर हो या बालकनी में और वे गार्डन बनाने के बारे में सोचते भी हैं, तो अक्सर बजट की चिंता के कारण पीछे हट जाते हैं। हालांकि, यह एक गलत सोच है कि बालकनी गार्डन बनाने के लिए बहुत ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इसके लिए बस थोड़ी सी क्रिएटिविटी और सही प्लानिंग की जरूरत होती है। थोड़ी सी सूझ–बूझ का इस्तेमाल करके, आप अपने घर की बालकनी को एक शानदार और सुंदर जगह में बदल सकते हैं। एक सुंदर बालकनी न केवल आपके घर की सुंदरता बढ़ाती है, बल्कि उसके पूरे माहौल को भी बेहतर बनाती है। आइए हम आपको दिखाते हैं कि कम बजट में एक शानदार बालकनी गार्डन कैसे बनाया जाए।

कम बजट में अपने बालकनी गार्डन को सुंदर बनाने के लिए, आप 5 आसान टिप्स अपना सकते हैं– फेंकी हुई चीजों से गमले बनाएं, रंग–बिरंगे कपड़ों से सजावट करें, किचन गार्डन बनाएं, अपने पौधों के लिए सही जगह और धूप सुनिश्चित करें, और पुराने फर्नीचर को एक नया रूप दें। ये कदम आपके घर के गार्डन को एक ताजा और मनमोहक रूप देंगे।

कबाड़ से कुछ नया बनाना

आप अपने बालकनी गार्डन को बनाने के लिए फेंकी हुई चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, प्लास्टिक की बोतलों, पुराने टायरों, टिन के डिब्बों, टूटे हुए बर्तनों या लकड़ी के बक्सों को पेंट करके या सजाकर सुंदर गमलों में बदल दें। इससे पैसे भी बचते हैं और आपके गार्डन को एक अनोखी सुंदरता मिलती है।

हैंगिंग गमले का इस्तेमाल करें

अपने बालकनी गार्डन में छोटे पौधों के लिए, प्लास्टिक की बोतलों या नारियल के छिलकों को दोबारा इस्तेमाल करके लटकते गमले बनाएं। यह न केवल एक किफायती उपाय है, बल्कि इससे आपके गार्डन को एक अनोखा रूप भी मिलेगा। इस तरह, आपको ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने पड़ेंगे, और आपका गार्डन भी सुंदर दिखेगा।

कम लागत वाली लाइटिंग

अपने बगीचे को रोशन करने के लिए, महंगे फिक्स्चर के बजाय फेयरी लाइट्स या सोलर लाइट्स का इस्तेमाल करें। ये बहुत कम बिजली खर्च करती हैं और रात में बालकनी पर सचमुच एक जादुई माहौल बना देती हैं।

### पुराने फर्नीचर का दोबारा इस्तेमाल

नया फर्नीचर खरीदने के बजाय, अपनी पुरानी कुर्सियों और मेजों पर पॉलिश करें या उन पर पेंट का एक नया कोट लगाएं। इससे न केवल आपके पैसे बचेंगे, बल्कि आपके बगीचे को एक देहाती और आरामदायक लुक भी मिलेगा।



# गर्मी में लगाएं फ्लावर प्लांट खुशबू से महकेगा पूरा घर



**हर रोज हम भगवान को खरीद कर फूल चढ़ाते हैं। लेकिन अगर हम बालकनी में इन्हें लगाएं , तो मंदिर में सीधे उसकी खुशबू पहुंचेगी। हम फ्रेश फूल ईश्वर को अर्पित कर सकते हैं। चलिए बताते हैं, 6 फूलों के बारे में गमले में लगा सकते हैं।**

फूल ना सिर्फ बालकनी या गार्डन की सुंदरता बढ़ाते हैं, बल्कि पूजा के काम भी आते हैं। कई फूलों में तो औषधिय गुण होते हैं, जिसे शरीर को फायदा भी मिलता है। गुड़हल, गुलाब, मालती, अपराजित समेत कई फूल हैं, जिसे गमले में आसानी से लगा सकते हैं।

### गुड़हल

गुड़हल को हम गमले में लगाकर पूरे साल फूल पा सकते हैं। इस फूल से देवी दुर्गा, काली की पूजा की जाती है। इसमें कई तरह के औषधिय गुण भी होते हैं, जो आपके बालों से लेकर चेहरे तक का ख्याल रख सकता है। गुड़हल को तेज धूप वाली जगह पर लगाएं। सर्दी, गर्मी, बरसात तीनों मौसम में यह खिलता है। लाल–गुलाबी, सफेद कई रंग में इसके फूल आते हैं।

### चमेली

चमेली का प्लांट अगर आप बालकनी में लगाते हैं, तो उसकी खुशबू पूरे घर में फैल जाती है। व्हाइट रंग के इस फूल को आप हैंगिग भी लगा सकते हैं। गर्मी में यह खिलने वाला पौधा है।

### गुलाब

गुलाब किसी नहीं पसंद, इसे फूलों का राजा कहा जाता है। गुलाब में कई वैराइटी आती है, लेकिन रेड रोज सबसे ज्यादा घरों में पाया जाता है। देवी सरस्वती को गुलाब के फूल बहुत पसंद है। गुलाब भी सालों खिलता है। इस प्लांट को भी तेज रोशनी की जरूरत होती है। 15 दिन में इसमें खाद डालते रहें। गर्मी में इसमें सुबह और शाम पानी जरूर दें।

### अपराजिता

अपराजित में नीले रंग का फूल निकलता है। अपराजिता लता होती है, इसलिए इसे रस्सी के सहारे ऊपर ले जा सकते हैं। गमले में इस



आसानी से उगा सकते हैं। भगवान विष्णु को अपराजिता के फूल बहुत पसंद हैं। इसके फूल में औषधिय गुण भी होते हैं। आप चाय बनाकर पी सकते हैं। यह इम्युन



सिस्टम को बूस्ट करता है।

### ब्रह्मकमल

ब्रह्मकमल नीले, बैगनी, सफेद या मैजेंटा रंग में खिलता है। भगवान श्रीकृष्ण के नीले रंग जैसे दिखने की वजह से इसे कृष्णकमल कहा जाता है। अनोखे लुक की वजह से तितलियों को यह फूल बहुत ही आकर्षित करता है। कृष्णकमल बेल के फूल में नीचे पंखुड़ियां, उसके ऊपर महीने रेशे होते हैं। इसके साथ 2–3 शेड के घेरे होते हैं।

### मधुमालती

खुशबूदार फूलों वाली बेल मधुमालती के गुच्छों में लगे सुंदर फूल देखने में लाल, गुलाबी, सफेद रंगों के होते हैं। मधुमालती बेल के आस–पास इसके फूलों की मोहक खुशबू छाई रहती है जो कि सुबह–शाम बड़ी अच्छी लगती है। इस लता के पत्ते हरे रंग के होते हैं।

# गमला हुआ पुराना, पुरानी केतली से बनाएं स्टाइलिश मिनी गार्डन



छोटी जगह पर बड़े–बड़े गमले रखना स्टोरेज खत्म करने के साथ काफी आउटडेटेड लगता है। अगर आप भी बालकनी को खूबसूरत और यूनिक दिखाना चाहते हैं तो बेसिक आइडियाज की बजाय कुछ क्रिएविट करने की जरूरत है। हर घर में चाय वाली केतली जरूर होती है, जो कपबोर्ड या किचन में बिना इस्तेमाल रखे रहती है। यदि कहा जाए, इन्हीं केतली की मदद से आप लटकते हुए पौधे लगाकर होम डेकोर को ट्रेंडी और नेचुरल बना सकते हैं। खास बात है कि इनकी देखभाल करना काफी ज्यादा आसान है, तो चलिए जानते हैं आशियाने में स्मार्टनेस और यूनिकनेस जोड़ने के लिए केतली से मिनी गार्डन कैसे तैयार करें।

### केतली में गार्डिग कैसे करें ?

पुरानी, मेटल, सिरेमिक या स्टील की केतली लें केतली के नीचे 2–4 छोटे छेद कर ड्रेनेज की व्यवस्था करें

मिट्टी से छोटे पत्थर, कंकड़ या टूटे टाइल्स डालें नॉर्मल सॉयल की बजाय 1.1.1 की अनुपात में गार्डन मिट्टी, कंपोस्ट और कोकोपीट लें

बस आपका बेस तैयार है, इसमें पौधों को उगाया जा सकता है

केतली में कौन से पौधे उगाएं जा सकते हैं ?

### तुलसी

केतली में तुलसी उगाना सबसे बढ़िया है। यह हल्की धूप और कम पानी में अच्छे से बढ़ता है।

### पुदीना

केतली में पुदीना उगाया जा सकता है, इसे ज्यादा देखभाल की जरूरत भी नहीं होती है।

### मनी प्लांट

यह पौधा केतली में आसानी से उग जाएगा, इसे आप पानी और मिट्टी दोनों में लगा सकते हैं। मनी प्लांट की बेल और केतली का कॉम्बिनेशन काफी प्यारा लगता है।

### स्पाइडर प्लांट

घर की हवा शुद्ध करने के लिए इनडोर या आउटडोर आप स्पाइडर प्लांट लगा सकते हैं। हालांकि इसके लिए नॉर्मल नहीं बल्कि हैंगिंग केतली का यूज करें।

### सक्युलेंट्स

केतली का साइज छोटा है तो सेक्युलेंट्स से बढ़िया कुछ नहीं है। ये कम पानी में बहुत आसानी से उग जाते हैं और डेकोरेटिव लुक देते हैं।

### केतली गार्डन डेकोरेशन आइडिया

अगर आप पेड़–पौधों को डेकोरेटिव दिखाना चाहते हैं तो हैगिंग केतली प्लांटर का इस्तेमाल करें। आप रंग–बिरंगी केटल्स को रस्सी या चेन से



टांग सकते हैं। अगर आप टेबल या थ–सेल्फ पर केतली गार्डनिंग कर रहे हैं तो केतली को थोड़ा झुका दें, और साथ में छोटा सा पौधा लगाएं। ये पोरिंग टी गार्डन जैसा लुक देगा।

बाजार में छोटी–छोटी केतली सेट मिल जाएंगे, जिसे आप किचन शेल्फ गार्डन में तब्दील कर सकते हैं। इसमें हर्ब्स लगाना ज्यादा बेहतर है। यदि आपके पास पुराने जमाने की केतली है, तो इसे रंग–बिरंगे कलर से पेंट करके पौधे लगाएं। जो यूनिक और डेकोर दोनों का काम करेगी।

बालकनी में ज्यादा जगह नहीं है तो आप लकड़ी के बोर्ड पर केतलियां लगाकर वर्टिकल गार्डन बना सकते हैं।

# आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) कोटपूतली-बहरोड़ जिला अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र समरिया जी का भव्य स्वागत




भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद** । कोटपूतली-बहरोड़ जिले में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र समरिया जी का नीमराणा स्थित अंबेडकर पार्क में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती एवं बहुजन समाज के अधिकारों को लेकर विचार-विमर्श भी किया गया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी की आगामी रणनीतियों और विकास योजनाओं पर चर्चा की और समाज के विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि रविंद्र समरिया जी के नेतृत्व में पार्टी कोटपूतली-बहरोड़ जिले में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर महेंद्र सिंह जी चौबारा, जिला महासचिव आजाद समाज पार्टी राजस्थान, सुबेसिंह चौबारा, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बहुजन सामाजिक परिषद राजस्थान, महावीर प्रसाद चर्खिया, प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय बहुजन सामाजिक परिषद राजस्थान सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस स्वागत समारोह ने पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

# आदर्श विद्या मंदिर का शत-प्रतिशत शौर्य 96.67' के साथ यश-अनामिका अव्वल, मंडावर में गूंजा सफलता का उत्सव

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।




**मनोज खंडेलवाल** । 'मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे ', इस कहावत को साकार करते हुए मंडावर स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं परीक्षा परिणाम 2026-27 में शत-प्रतिशत सफलता का परचम लहराकर पूरे क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता का डंका बजा दिया। विद्यालय के 33 में से 33 विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर जहां शैक्षणिक गुणवत्ता की मजबूत नींव का प्रमाण बने, वहीं 21 विद्यार्थियों का प्रथम श्रेणी में आना इस उपलब्धि को और अधिक गौरवपूर्ण बना गया। इस उपलब्धि के केंद्र में रहे छात्र यश अग्रवाल और छात्रा अनामिका सैनी, जिन्होंने 96.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे मंडावर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। उनके पीछे तानिया सैनी ने 95.83 प्रतिशत, हिमांशी गुर्जर ने 95.50 प्रतिशत तथा अंश गोयल ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि 'जहां चाह, वहां राह' केवल कहावत नहीं, बल्कि परिश्रम का जीवंत प्रमाण है। विद्यालय के शेष विद्यार्थियों में 10 ने द्वितीय श्रेणी तथा 2 ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त कर सामूहिक उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। प्रधानाचार्य मुरारीलाल शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सम्मान किया गया, जहां हर चेहरे पर गर्व और संतोष साफ झलक रहा था। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा निकाली गई विजय रैली ने पूरे शहर को उल्लास में डुबो दिया। मुख्य मार्गों से गुजरती यह रैली गांधी चौक पहुंची, जहां पटाखों की गूंज और तालियों की गड़गड़ाहट ने सफलता को जन-उत्सव में बदल दिया।

प्रधानाचार्य शर्मा ने इस परिणाम को विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास का संयुक्त प्रतिफल बताते हुए कहा कि 'परिश्रम का फल हमेशा मीठा होता है और यह परिणाम उसी सच्चाई का प्रमाण है।' उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी सत्र में कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग का परिणाम भी इसी तरह उत्कृष्ट रहेगा। विद्यालय में वर्तमान सत्र के लिए विज्ञान एवं कला संकाय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जहां भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान की सुसज्जित प्रयोगशालाएं तथा अटल टिंकरिंग लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा से जोड़ रही हैं। यहां विद्यार्थियों को न केवल पाठ्य ज्ञान, बल्कि रोबोटिक्स और कंप्यूटर तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जो उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए सक्षम बनाता है। विद्या भारती संस्थान जयपुर के तत्वावधान में संचालित इस विद्यालय में पंचकोषीय शिक्षा पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, वहीं शिशु वाटिका की गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति छोटे बच्चों में सीखने की रुचि को सहज रूप से विकसित कर रही है।कुल मिलाकर आदर्श विद्या मंदिर का यह परिणाम न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि 'काबिलियत जब परवान चढ़ती है तो मंजिलें खुद रास्ता बनाती हैं।' मंडावर की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश में भी यदि शिक्षा का दीपक समर्पण से जलाया जाए, तो उसकी रोशनी दूर-दूर तक फैलती है।

# राजेन्द्र सियाग को बड़ी जिम्मेदारी, कांग्रेस OBC विभाग के प्रदेश महासचिव बने

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।



**सोहनलाल परिहार** । जिले के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंचायती राज क्षेत्र में मजबूत पहचान रखने वाले राजेन्द्र सियाग को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) विभाग का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर तथा एआईसीसी OBC विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिन्द के निर्देशानुसार प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव द्वारा की गई है।? राजेन्द्र सियाग स्वर्गीय रामेश्वर डूडी के करीबी रिश्तेदार हैं और लंबे समय से किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं। नियुक्ति की खबर मिलते ही बीकानेर सहित समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। जगह-जगह मिठाइयां बांटी गईं और आतिशबाजी कर खुशी जताई गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इसे जिले के लिए गर्व का विषय बताया। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राजेन्द्र सियाग ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। मेरा उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा करना और संगठन को गांव-ढाणी तक मजबूत बनाना है।

# लक्ष्मणगढ़ में निकली भगवा रैली जयश्री राम के जयकारे से गूंजा लक्षमनगढ, महिलाएं हुई बड़ी संख्या में भगवा रैली में शामिल

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



रामनवमी की पूर्व संध्या पर यहां विशाल भगवा रैली निकाली गई। रैली में जहां बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी वहीं भगवा ध्वज के साथ केसरिया पगड़ी बांधे युवाओं के जयश्री राम के जयकारे से लक्षमनगढ राममय नजर आया। यहां घंटाघर दुर्गा पूजा स्थल से संतों के सानिध्य में रवाना हुई भगवा रैली में रथ, डीजे, अंग्रेजी बैंड, घोड़े की सवारी थी वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति व जयश्री राम के जयकारे ने सारा वातावरण राममय बना दिया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि रैली को शिवमठ धाम गाडोदा आश्रम के पीठाधीश्वर महावीर जति महाराज, मीरण के मुक्तिनाथ महाराज, श्री विजय रघुनाथ जी के मंदिर के महंत दिलीप दास महाराज,पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी, शहर भाजपा अध्यक्ष ललित पंवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि रैली लालकुआं दुर्गा पूजा स्थल से रवाना हुई भगवा रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस लालकुआं दुर्गा पूजा स्थल पहुंची। इस दौरान रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# लूमास में महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में साइबर सुरक्षा व मेगा पीटीएम का आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।




**पवन कुमार शर्मा** । लुमास ग्राम में स्थित महात्मा गॉधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम लूमास में आज साइबर सुरक्षा व मेगा पी टी एम का आयोजन किया गया। मिटिंग में साइबर थाना झुंझुनू से गोपाल जांगिड निरीक्षक सी आई अशोक कुमार प्रोग्रामर ,राजेन्द्र सहायक प्रोग्रामर उपस्थित हुए। कार्यकम की अध्यक्षा कैलाश जांगिड़ प्रधानाचार्य द्वारा गई। मंच संचालन सुरजीत सिंह ढाका द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित मेगा पी टी एम व साइबर सुरक्षा व साइबर अपराध विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक,अभिभावक व ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान अभिभावकों ने बच्चो की शैक्षिक, सहशैक्षिक प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानते हुए आज के तकनिकी युग में होने वाले साइबर अपराध, ठगी के तरीको के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर सुमन, कैलाश शर्मा,अनु कुमारी, प्रतिभा,राजपाल, सुनिला, रुचिका, सुरजीत व फूलचंद जांगिड़, विद्याधर कालेर ओमप्रकाश शर्मा,कुमाराम शर्मा बाबूलाल सैनी,भंवर सिंह शेखावत, अरविंद शेखावत,संजय शर्मा सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दा लिटिल चैम्प्स स्कूल का दसवीं बोर्ड परिक्षाओ में दमदार प्रदर्शन: 96.33' के साथ हेमन्त मीना रहे अव्वल

## आठवीं व पाँचवी कक्षाओ में 'ए ग्रेड' की चमक से विधालय हुआ गौरवान्वित

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।



**मनोज खंडेलवाल** । 'मेहनत का पसीना जब जमीन पर गिरता है, तो सफलता बनकर ही उगता है ', इसी सच्चाई को चरितार्थ करते हुए मण्डावर के सुप्रसिद्ध अंग्रेजी माध्यम के शिक्षण संस्थान दा लिटिल चैम्प्स स्कूल ने इस सत्र में जारी बोर्ड परीक्षा परिणामों में अभूतपूर्व सफलता दर्ज कर शिक्षा जगत में अपनी साख को और मजबूत कर दिया है। मंगलवार को घोषित कक्षा दसवीं के परिणामों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता की नई इबारत लिख दी, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण बन गया। विद्यालय के छात्र हेमन्त मीना ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करते हुए सफलता का परचम लहराया, वहीं अमित मीना ने 96 प्रतिशत, चंचल मीना ने 94 प्रतिशत, काजल मीना ने 93 प्रतिशत तथा हार्दिक मीना ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि 'जहां इरादे बुलंद हों, वहां मंजिल दूर नहीं होती।' इसी क्रम में सतवीर गुर्जर ने 90 प्रतिशत, कुलदीप गुर्जर ने 86 प्रतिशत, यश सोनी, निर्मला गुर्जर एवं विकास मीना ने 83 प्रतिशत, शौर्य सिंह ने 82 प्रतिशत, जितेश मीना, रोहित मीना, बुलबुल मीना एवं गौरव शर्मा ने 78 प्रतिशत, दीपेश राजावत ने 77 प्रतिशत, राजीव ने 73 प्रतिशत, रितिक परेवा ने 71 प्रतिशत, कशिश बागड़ी ने 70 प्रतिशत, पीयूष मीना एवं चंचल मीना ने 68 प्रतिशत तथा ललित बरनाला ने 67 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की उपलब्धि को सामूहिक उत्कृष्टता में परिवर्तित कर दिया। कक्षा दसवीं के साथ-साथ विद्यालय ने कक्षा आठवीं एवं पांचवीं बोर्ड परिणामों में भी श्रेष्ठता का परचम लहराया, जहां कक्षा आठवीं में 30 विद्यार्थियों तथा कक्षा पांचवीं में 50 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में 'ए ग्रेड' प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि यह सफलता किसी एक कक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यालय की संपूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था की मजबूती का परिणाम है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उल्लास का माहौल बन गया। निदेशक राकेश तिवाड़ी एवं प्रिंसिपल रेखा तिवाड़ी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के विश्वास का संयुक्त परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 'परिश्रम की राह पर चलने वाले कभी असफल नहीं होते, बस वक्त उन्हें पहचान दिलाने में थोड़ा समय लेता है।' बुधवार को विद्यालय परिवार द्वारा शहर में निकाली गई विजय रैली ने इस सफलता को जन-उत्सव में बदल दिया। रैली के दौरान जगह-जगह निदेशक राकेश तिवाड़ी का साफा व मालाओं से स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों व स्टाफ का शीतल पेय व जूस से सत्कार कर लोगों ने अपनी खुशी जाहिर की। पूरे शहर में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल रहा और अभिभावकों सहित आमजन ने विद्यालय की इस सफलता को सराहा। कुल मिलाकर दा लिटिल चैम्प्स स्कूल का यह परिणाम केवल अंकों की उपलब्धि नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का जीवंत प्रमाण बनकर उभरा है, जो यह संदेश देता है कि 'काबिलियत जब परवान चढ़ती है तो तकदीर भी झुककर सलाम करती है।' मण्डावर की इस सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि शिक्षा में समर्पण और दिशा दोनों हों, तो छोटे शहरों से भी बड़ी उपलब्धियां जन्म लेती है।

# विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही संभव- तेतरवाल

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों का किया सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा** । फतेहपुर बाई पास स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, मंडावा में आज मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कक्षा 10, कक्षा 8 एवं कक्षा 5 के उन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 के उत्कृष्ट परिणाम देने पर इनका हुआ सम्मान 97.17' लक्ष्य कुमार - 96.17' लिलम वर्मा - 95.00' भावना वर्मा - 94.67' रीतिका कुमारी - 93.33' खुशी - 91.33' रक्षिता - 90.67' वहीं कक्षा 8 व कक्षा 5 में A ग्रेड वाले विद्यार्थियों में लक्ष्या बाबल, मो. शाहिद, मोहित सिंह, नव्या अंजली कुमारी सैनी, अरीका, तरुणा, अंजुका, हेमन्त, हर्ष सैनी, ज्योति, मनन सारण, ममता, पवन, प्रियांश, प्रीति, अंशु, वंशिका, योगेश कुमार का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना एवं अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मंच पर आमंत्रित कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथियों में संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने कहा 'विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। ये विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। विद्यालय सदैव उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ' कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता गोविन्द सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

# तोदी महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय व श्री नथमल तोदी बी.एड. महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ तहसीलदार फारूक़ अली, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत,सचिव आशकरन शर्मा,प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत व डॉ बीनू शेखावत द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह के अंतर्गत वर्षपर्यन्त आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा राज्य स्तरीय निबन्ध व वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं, खेलों में विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो , राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर महाविद्यालय को गौरवान्वित करने वाले एनसीसी कैडेट्स , एनएसएस स्वंयसेवक रेन्जर-रोवर्स, शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान तहसीलदार फारूक़ अली, प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत व सचिव आशकरन शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम व शेखावाटी अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एकल गायन प्रतियोगिता में वेदांता महाविद्यालय रींगस की तनवी बावेजा ने प्रथम, श्री ऋषिकुल बी एड महाविद्यालय की हंसा कुमावत ने द्वितीय तथा विनायक बी एड महाविद्यालय के निकित शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय विज्ञान महाविद्यालय सीकर की इशिका कुमावत ने प्रथम, सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय सुजानगढ की भाग्यलक्शमी ने द्वितीय तथा मोहिनी देवी गोयनका इंटीग्रेटेड महाविद्यालय की विनीता सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोहिनी देवी गोयनका महाविद्यालय लक्ष्मणगढ की छात्राएँ , द्वितीय स्थान पर मोहिनी देवी गोयनका बी एड महाविद्यालय की छात्राएँ तथा तृतीय स्थान पर रामा देवी महाविद्यालय नुआ की छात्राएँ रही। विचित्र वेशभूषा में मोहिनी देवी गोयनका बी एड महाविद्यालय की भावना सैनी प्रथम,ग्रामीण महिला महाविद्यालय सीकर की नेहा द्वितीय तथा सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय सुजानगढ की भाग्यलक्शमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मंचस्थ अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गाड़ेदा शिवधाम के पीठाधीश श्री महावीर जति महाराज की गरिमामय उपस्थिति ने और अधिक शोभायमान किया। महावीर जति महाराज ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन में नशे से दूर रहकर लक्ष्य निर्धारित कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम सिंह, श्रीमती रिमझिम शेखावत व डॉ राशिद अली द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका अमित शर्मा व जयकान्त खरादी द्वारा निभायी गयी।कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय व श्री नथमल तोदी बी एड महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी,अभिभावक,अतिथि व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी स्टाफ सदस्यों,पत्रकार बन्धुओ व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ए.के. गहलोत आएं लक्ष्मणगढ़

## महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास के पदाधिकारियों ने स्वागत कर छात्रावास का करवाया अवलोकन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ए.के. गहलोत मंगलवार को सपरिवार लक्ष्मनगढ आएं । इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ के पदाधिकारियों ने गहलोत की अगवानी कर राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास ले जाकर छात्रावास का अवलोकन करवाया तथा छात्रावास की योजना, निर्माण कार्य, आवासीय व भोजन व्यवस्थाओं से रुबरु करवाते हुए छात्रावास में संचालित नि:शुल्क लाइब्रेरी, छात्रावास के विधार्थियों के सरकारी सेवा में चयनित होने आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रावास में आयोजित गरिमामय व संक्षिप्त समारोह में महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर ए.के. गहलोत उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उमा गहलोत, सुपुत्र चार्टेड अकाउंटेंट यश गहलोत व साइबर क्राइम इंजीनियर इशवेश गहलोत का मोतियों की माला, छात्रावास का दुपट्टा व साफा पहनाकर एवं गुलदस्ता व छात्रावास का प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री महेंद्र कुमार माली ने किया। जबकि संयोजक सज्जन कुमार सैनी ने आभार जताते हुए छात्रावास की गतिविधियों की जानकारी दी । समिति के कोषाध्यक्ष झाबरमल माली ने छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर गहलोत के साथ छात्रावास पहुंचे समाजसेवी भामाशाह बनवारी लाल इंदौरिया का भी समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने मोतियों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अनिल कुमार बागड़ी, सज्जन कुमार सैनी, महेंद्र कुमार माली,झाबरमल माली, नथमल मावलियों की ढाणी, मनोज राकसिया, महावीर प्रसाद जाजम, राकेश गौड़, बाबूलाल सैनी, संदीप कुमार, अंकित कुमार सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे। इससे पहले आयकर विभाग के एडिशनल कमिश्नर गहलोत व उनके परिवार ने छात्रावास में निर्मित राम जानकी हनुमान मंदिर में दर्शन कर मंगल कामना की।

# बुद्ध विहार (जय पहाड़ी) में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई सम्राट अशोक जयंती

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बगड़।**

महान मौर्य सम्राट सम्राट अशोक की जयंती 26 मार्च 2026 को पूरे देश के साथ झुंझुनूं जिले के बगड़ कस्बे के निकट स्थित बुद्ध विहार (जय पहाड़ी) में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम की शुरुआत सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को याद करते हुए नमन किया। कार्यक्रम भंते विनयपाल जी के सानिध्य में आयोजित हुआ, जहां उन्होंने सम्राट अशोक के जीवन, उनके धम्म मार्ग और मानवता तथा अहिंसा के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सतवीर बरवड़, बुद्ध विहार ट्रस्टी मैनेजर दुर्गा प्रसाद बोयल, रोहिताश बोयल, मनोज बोयल, राजकुमार बोयल, भंवर लाल मेव सहित संतरा देवी, सुनीता देवी, किताब देवी, निकिता, लावण्या, नव्या, भूमिका, मोहित, जिगर एवं अन्य बच्चों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को मिठाई वितरित कर आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया गया।




# हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के 2 बच्चों का हुआ जेएनवी खाराखेड़ी में दाखिला: प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सैकेंड्री स्कूल, ढिंगसरा के प्रधानाचार्य रणसिंह जी रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने जानकारी देते हुए बताया कि आज हमारे लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है, जब हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के 2 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय, खाराखेड़ी में हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से इस विद्यालय के बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला ले रहे हैं और वर्ष की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाना हर छात्र का सपना होता है, क्योंकि यह देश के प्रतिष्ठित विद्यालयों में गिना जाता है। यहां शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय के तेजस पुत्र श्री रामनिवास व प्रांशु पुत्र श्री धर्मपाल सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय खाराखेड़ी में हमारे विद्यालय से लगभग 100 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और आज इन बच्चों ने भी नवोदय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों के निरंतर प्रयास और मार्गदर्शन का भी फल है। उन्होंने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वे हमेशा से ही मेधावी और मेहनती रहे हैं। छात्रों के अभिभावकों ने उनके बच्चों को सही दिशा और मार्गदर्शन करने पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय प्रबंधन ने भी उनको आश्वासन दिया कि आगे भी इसी प्रकार विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान किया जाता रहेगा, ताकि वे भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकें।



# महवा में पेंशनरों का उबाल: 'काला कानून' के विरोध में सड़कों पर उतरे, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा पारित वैधता अधिनियम 2025 के विरोध में महवा कस्बे में बुधवार को पेंशनरों का आक्रोश खुलकर सामने आया, जब राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा महवा के बैनर तले सैकड़ों पेंशनरों ने 'काला दिवस' मनाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार पालीवाल के नेतृत्व में पेंशनर हिंडौन तिराहे पर एकत्रित हुए, जहां सरकार के खिलाफ तीखी नारेबाजी करते हुए उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की और जुलूस के रूप में उपखंड कार्यालय तक पहुंचे। उपखंड कार्यालय पहुंचकर आयोजित सभा में वक्ताओं ने वैधता अधिनियम 2025 को पेंशनरों के हितों पर सीधा प्रहार बताते हुए इसे उनके भविष्य के लिए गंभीर खतरा करार दिया। संगठन मंत्री ताराचंद शर्मा ने कहा कि यह अधिनियम न केवल वर्तमान पेंशन व्यवस्था को प्रभावित करेगा, बल्कि आगामी वेतन आयोग की सिफारिशों और अन्य आर्थिक लाभों पर भी प्रतिकूल असर डालेगा, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है। वहीं तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार पालीवाल ने इसे स्पष्ट शब्दों में 'काला कानून' बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल प्रभाव से इसे वापस लेने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समय रहते निर्णय नहीं बदला गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सभा में अशोक जैन, विजय सिंह चौहान और अमर सिंह जाटव सहित अन्य वक्ताओं ने भी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए इसे पेंशनरों के अधिकारों का हनन बताया और सरकार से संवेदनशीलता के साथ पुनर्विचार करने की अपील की। इसके बाद पेंशनरों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी महवा को ज्ञापन सौंपकर अधिनियम को निरस्त करने की मांग रखी। इस अवसर पर गोपाल लाल गुप्ता, सुरेंद्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश योगी, संतोष कुमार गोयल, लक्ष्मीनारायण बंसल, गिरधारी लाल गुप्ता, रामस्वरूप गुर्जर, मिश्रू खां और रामजी लाल मीना सहित बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहें।



# महिला अधिकारिता की अनूठी पहल, जीता का बास में निकली बेटी की बिंदोरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए राजस्थान के झुंझुनूं जिले में एक अनोखा और प्रेरणादायक नवाचार देखने को मिला। समाज में बेटियों को बराबरी का दर्जा दिलाने और उन्हें हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में केंद्र व राज्य सरकार की निरंतर कोशिशों को मजबूती देते हुए महिला अधिकारिता विभाग ने एक यादगार पहल की। घरडाना कलां के गांव जीता के बास में संध्या देवी व रणजीत सिंह की बेटी अल्का पूनियां की शादी में परंपरा को नया रूप देते हुए युवती को घोड़ी पर सवार कर डीजे की धुनों पर भव्य बिंदोरी निकाली गई। इस दौरान विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला व राजस्थान शिक्षण संस्थान चिडावा की चैयरमैन निकिता थालौर ने नववधू को आशीर्वाद देते हुए संदेश दिया कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। यह गांव पूरे जिले के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गया। पारंपरिक रूप से बारात में दूल्हा घोड़ी पर सवार होकर बिंदोरी निकालता है, लेकिन यहां बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत इस रिवाज को उलट दिया गया। अल्का पूनियां, जो गांव की एक होनहार बेटी हैं और वर्तमान में विभाग में सुपरवाइजर के पद पर है। बिंदोरी के साथ डीजे की जोरदार धुनें गूंज रही थीं, जिस पर विभाग से जुडी साथिनों, महिला सुपरवाइजर व ग्रामीण महिलाओं ने शानदार डांस किया। इस अवसर पर भाई अमित व भाभी विनीता ने कहा कि हमें हमारी बहन पर गर्व महसूस हो रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने इस अवसर पर कहा, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान सिर्फ सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर कोने तक पहुंचना चाहिए। आज अल्का जैसी बेटी घोड़ी पर सवार होकर यह साबित कर रही है कि बेटियां भी उतनी ही सक्षम और सम्मान की हकदार हैं जितने बेटे। यह नवाचार पूरे समाज को सोचने पर मजबूर करेगा कि लड़कियों को केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक नहीं सीमित रखा जाए, बल्कि उन्हें शिक्षा, करियर और सामाजिक गतिविधियों में आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जाए




### अभियान की सफलता का जीवंत उदाहरण

यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता का जीवंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य लिंग अनुपात में सुधार, बालिकाओं की शिक्षा और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। राजस्थान सरकार भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। झुंझुनूं जिला, जो शेखावाटी क्षेत्र का हिस्सा है, पहले से ही शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में अपनी पहचान रखता है। ऐसे नवाचार इस क्षेत्र की सकारात्मक सोच को और मजबूत करते हैं। गांव के बुजुर्गों ने भी इस पहल की सराहना की। अल्का के पिता रणजीत सिंह ने कहा कि हमारे यहां परंपराएं बहुत पुरानी हैं, लेकिन समय के साथ उन्हें बदलना जरूरी है। अलका की घोड़ी वाली बिंदोरी ने साबित कर दिया कि बेटियां अब बोझ नहीं, बल्कि परिवार और समाज की शान हैं।' अल्का पूनियां खुद इस मौके पर मुस्कराहट के साथ भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, 'मुझे यह मौका मिला, तो मैं महसूस कर रही हूं कि समाज बदल रहा है। लड़कियों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए जितना लड़कों को।' इस नवाचार को 'बेटियों की शाही बिंदोरी' कहकर साझा कर रहे हैं। अल्का की शादी की यह बिंदोरी सिर्फ एक विवाह समारोह नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश है। यह संदेश स्पष्ट है – बेटियां किसी से कम नहीं। वे शिक्षा प्राप्त कर, करियर बनाकर और समाज में योगदान देकर देश का भविष्य संवार सकती हैं। यदि हर गांव, हर परिवार ऐसी सोच अपनाए तो लिंग भेदभाव जल्द ही इतिहास बन जाएगा।

### यह रहें उपस्थित

कार्यक्रम में शिक्षिका नीतू न्यौला, विभाग की सुपरवाइजर पूजा कुमारी , मोनिका, सरिता, सुनीता ,रतना, पूजा सामोता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी मनोज स्वामी, रेनू सैनी, ममता स्वामी, सहायक लेखाधिकारी गोविंद सिंह व कनिष्ठ सहायक राहुल जांगिड आदि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सीडीईओ अशोक शर्मा ने वाहिदपुरा स्कूल का किया औचक निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** निकटवर्ती ग्राम वाहिदपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा में सीडीईओ झुंझुनू अशोक शर्मा ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अशोक शर्मा ने विद्यालय के सभी कार्मिकों की मीटिंग लेते हुए निर्देश दिया कि पुरजोर मेहनत करते हुए अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय का नामांकन बढ़ाना है। सर्वे में सभी का सहयोग लेते हुए विद्यालय में अधिक से अधिक नव प्रवेश करवाते हुए नामांकन में अभिवृद्धि कर सभी को श्रेष्ठ कार्य करना है । अच्छे परिणाम उत्तरोत्तर देते रहना है। प्रधानाचार्य सुमन कुमारी ने सीडीईओ अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार की योजनाओं को अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहने की बात कही। विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। साथ में अतिरिक्त निदेशक अशोक जांगिड़ भी मौजूद रहे। विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की ।




# लोकभाषा में इतिहास की खोज का राष्ट्रीय मंथन: दिल्ली विश्वविद्यालय में दो दिवसीय संगोष्ठी में गूंजी ज्ञान की गूंज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा/नई दिल्ली।**

**मनोज खंडेलवाल ।** 'जड़ों से जुड़ी भाषा ही समाज की असली पहचान होती है '–इसी भाव को केंद्र में रखकर दिल्ली विश्वविद्यालय के दयालसिंह सांध्य महाविद्यालय में 23 व 24 मार्च 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से आए विद्वानों ने लोकभाषा के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक व सामाजिक इतिहास को समझने और संजोने पर गहन विमर्श किया। महाविद्यालय और आईसीएसएसआर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस संगोष्ठी ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब भाषा अपनी मिट्टी से जुड़ती है, तभी इतिहास की असली परतें खुलती हैं– 'बोली में बसता है भारत, शब्दों में छिपा है समाज का सार। ' संगोष्ठी के संयोजक सहायक प्रोफेसर डॉ श्यामसुंदर मीना ने बताया कि उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ.भावना पांडे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लोकभाषाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा की रीढ़ बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के चेयरमैन एवं पूर्व कुलपति डीएस चौहान ने कहा कि यदि इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना है तो उसकी अभिव्यक्ति लोकभाषाओं में ही करनी होगी। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनिरुद्ध देशपांडे ने इतिहास लेखन में लोकभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'जिस इतिहास को जनता समझ न सके, वह अधूरा रह जाता है। '

संगोष्ठी में पूर्व प्रोफेसर हेमंत मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, इतिहासकार सूरजभान भारद्वाज, प्रसिद्ध लेखक व पूर्व आईपीएस हरिराम मीना, प्रोफेसर यूथिका मिश्रा, डॉ अमरजीत सिंह, जेएनयू के एसोसिएट प्रोफेसर गंगा सहाय मीना, बीएचयू के चिंतक लहरी राम मीना तथा जयपुर से डॉ नेहा विजय सहित सौ से अधिक विद्वानों ने 'लोकभाषा में अभिव्यक्ति: भारत के सांस्कृतिक व सामाजिक इतिहास की खोज' विषय पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि लोकभाषाएं केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की स्मृति और संस्कृति की जीवंत धरोहर हैं– 'जहां शब्द सरल होते हैं, वहीं विचार सबसे गहरे होते हैं। ' समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध लेखक प्रोफेसर डीसी चौबे ने 'बृहत्तर भारत' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की विविधता को समझने के लिए लोकभाषाओं के अध्ययन को बढ़ावा देना समय की मांग है। कार्यक्रम में प्रोफेसर पीआर थापर, माधुरी चावला, बी. विश्वास, साजिद खान, शिवानी सिंह, ज्ञानेन्द्र सहित इतिहास विभाग के इंचार्ज विजयंत सिंह और विभागीय टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन को सफल बनाने में प्रीतम गुप्ता, महेश दीपक, वीरेन्द्र, रूबी सिंह, शशि शेखर, नम्रता सिंह सहित स्टाफ के सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, वहीं अन्वेषणा सोसाइटी के अध्यक्ष आदर्श और उनकी टीम ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा। इस संगोष्ठी में देशभर से आए करीब 135 शोधार्थियों और सैकड़ों श्रोताओं की भागीदारी ने इसे एक व्यापक राष्ट्रीय मंच बना दिया, जहां विचारों का खुला आदान-प्रदान हुआ। आयोजकों ने बताया कि प्रस्तुत शोधपत्रों का शीघ्र ही पुस्तक के रूप में संपादन कर प्रकाशन किया जाएगा, जिससे यह ज्ञान-संपदा व्यापक समाज तक पहुंच सके। समापन पर डॉ श्यामसुंदर मीना और विजयंत सिंह ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगोष्ठी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकभाषा के माध्यम से भारतीय इतिहास को नई दृष्टि देने की सशक्त पहल है।




# जेनिफर बनी 98' अंक ओर लक्ष्मी 96'अंक प्राप्त कर बनी टॉपर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** करणी कृपा शिक्षण संस्थान मंडावा ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर नया रिकॉर्ड स्थापित किया। होनहार छात्रा जेनिफर पुत्री जंगशेर खान ने 98' अंक प्राप्त किए, वहीं लक्ष्मी शेखावत ने 96' अंक हासिल कर संस्था का नाम रोशन किया। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉक्टर दिशांत ने बताया कि अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भी बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सौमिल जांगिड़ 91.83', वर्षा शेखावत 91.33', रिषी निरानियां 90', अनुप्रिया 87.17',सचिन 87',गुंजन 86',और रूद्र खांडल 80' ने शानदार अंक हासिल कर विद्यालय की अकादमिक प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई पर पहुँचाया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर गणेश सिंह शेखावत एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की समर्पित मेंटरशिप और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



# 108 कुंडात्मक श्री गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ में रोज लग रही है आहुतियां : पूर्णाहुति पर संतों का भी होगा सम्मान

### कल 27 मार्च को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा 108 कुंडात्मक श्री गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ

### संतो के हर वचन अनमोल होते हैं- मदनलाल भावरिया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा ।** सीकर जिले के नीमकाथाना के नजदीक काला कोटा दाऊ धाम आश्रम पर परम पूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडात्मक श्री गोपाल गोपुष्टि महायज्ञ मैं रोज विद्वान पंडितो द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी जा रही है द्य विद्वान यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री पंडितों के साथ यज्ञ में आहुति दिलवा रहे हैं द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने बताया कि यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री कई यज्ञो में अपनी अहम भूमिका निभा चुके हैं द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने बताया कि संतो के हर वचन अनमोल होते हैं द्य यज्ञ प्रेमी मदनलाल भावरिया ने भी यज्ञ स्थल पर परिक्रमा कर पुण्य कमाया द्य बुधवार को दाऊ धाम आश्रम पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य जी महाराज से आशीर्वाद भी लिया 27 मार्च को पूर्ण आहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालु भंडारे में प्रसादी ग्रहण करेंगे द्य इस दौरान यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री, जितेंद्र भारती, टोडा सरपंच सीताराम यादव, दीपक रोहिल्ला, मोहनलाल पसारी ,नरेंद्र सिंह ,अजीत यादव, कथावाचक रणवीर भाई शेखावाटी वाले ,कप्तान रामनिवास ताखर ,रामेश्वर लाल, मुकेश दाऊ धाम ,सहित हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल पर परिक्रमा कर पुण्य कमाया



# महाअष्टमी आज..... माँ शाकम्भरी के दरबार में भक्तों का हुजूम एवं लगेगा सवामणी का भोग- भंडारा

### माँ शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम (रजि.) के तत्वाधान में किया जा रहा है नवरात्रा महोत्सव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा ।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल शाकंभरी सकरायधाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रा महोत्सव का आयोजन माँ शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम (रजी.) के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रा महोत्सव का आयोजन माँ शाकंभरी की असीम कृपा और महंत श्री दयानाथ जी महाराज के आशीर्वाद से समिति भक्तों के सहयोग से किया जाएगा। नवरात्र के प्रत्येक दिन मैया को समिति भक्तों के द्वारा सिरा पूड़ी और फ्रूट्स का भोग लगाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राजेश धानुका, अहमदाबाद और कोषाध्यक्ष संदीप रामुका, उदयपुरवाटी ने बताया कि आज मंदिर में बुंदिया भुजिया की सवामणि का भोग लगाकर भंडारे में प्रसाद के लिए दिया जाएगा। मैया को रोजाना भिन्न भिन्न प्रकार के फ्रूट्स और हरि सब्जियां में भोग हेतु दिया जाता है और आज महाष्टमी के दिन समिति के द्वारा मैया को सवामणि, घी,तेल, चुनरी, सुहागन सामान, ड्राईफ्रूट, फ्रूट्स और हरी सब्जी आदि अर्पित किया जाएगा तत्पश्चात समिति के द्वारा कन्या पूजन किया जाएगा। समिति के द्वारा भक्तों की मंगल कामना हेतु रोजाना दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया जाता है तथा मंदिर के दोनों मुख्य गेट पर सुगंधित फूलों और रंग बिरंगी लाइटिंग से सजावट किया जाता है। समिति की कोर कमिटी ने बताया कि इस बार नवरात्र में देश-विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु जात - जडूला और धोक लगाने के लिए मैया के दरबार आ रहे हैं, तथा मंदिर परिसर में मैया भक्तों के द्वारा शतचंडी अनुष्ठान भी किए जा रहे है।



# एसबीआई ने निभाया विश्वास: मोमासर में दिवंगत ग्राहक के परिजनों को मिला रू20 लाख का बीमा क्लेम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मोमासर।**

भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और ग्राहकों के प्रति निष्ठा का परिचय दिया है। बैंक ने मोमासर निवासी अपने एक दिवंगत ग्राहक के परिवार को रू20 लाख की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा (PAI) राशि का भुगतान कर संकट की इस घड़ी में संबल प्रदान किया है। मोमासर निवासी और एसबीआई के ग्राहक श्री विक्रम सिंह का पिछले दिनों एक दुखद सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। विक्रम सिंह ने बैंक के माध्यम से अपना व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा करवाया था। इस योजना की विशेषता यह थी कि इसमें मात्र 1000 के वार्षिक प्रीमियम पर 20 लाख का विशाल बीमा कवर प्रदान किया गया था। हादसे के बाद, एसबीआई मोमासर शाखा ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए बीमा क्लेम की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा किया। दिनांक 24/03/2026 को शाखा प्रबंधक मनोहर मीणा ने दिवंगत विक्रम सिंह के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें 20 लाख रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों के साथ केवल बैंकिंग लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनके सुख-दुख का साथी भी है। मात्र एक छोटे से निवेश (प्रीमियम) ने आज एक परिवार के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। बैंक की इस त्वरित कार्यवाही और सराहनीय पहल की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। यह घटना बैंकिंग क्षेत्र में बीमा सुरक्षा की महत्ता और एसबीआई की विश्वसनीयता को एक बार फिर पुख्ता करती है।



# जिला कलेक्टर ने सादोलाई में की जनसुनवाई: अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।



**सोहनलाल परिहार** । जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बुधवार को छत्तरगढ़ के सादोलाई गांव में आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, बिजली, जल जीवन मिशन, सड़क, स्कूलों में स्टाफ की कमी, अतिक्रमण हटाने तथा ढीले विद्युत तारों से जुड़ी समस्याएं रखीं। कई ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत घरों में अब तक कनेक्शन नहीं होने तथा पानी की आपूर्ति बाधित रहने की शिकायत की। जिला कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं हो। उन्होंने बिजली के ढीले तारों को तुरंत कसवाने तथा स्कूल में स्टाफ की कमी के मुद्दे पर राज्य सरकार को भेजने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है और प्रत्येक अधिकारी को नियमित रूप से लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा उच्च स्तर पर नियमित रूप से होती है। उन्होंने संपर्क पोर्टल के प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, छत्तरगढ़ के उपखंड अधिकारी पवन कुमार सुथार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के पश्चात जिला कलेक्टर ने छत्तरगढ़ स्थित अंबेडकर छात्रावास भवन का जायजा लिया।

# खजूर उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन व विपणन पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार सम्पन्न

## दो दिवस तक खजूर के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर हुई कृषि वैज्ञानिकों व किसानों के बीच चर्चा, क्षेत्र विस्तार की सम्भावनाओं पर हुआ गहन मंथन

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत खजूर फल बगीचा स्थापना पर किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान देय

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।



**सोहनलाल परिहार** । उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास निदेशालय सभागार में खजूर उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन व विपणन के अवसर एवं संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह सेमिनार उद्यान विभाग, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। दो दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत, विशिष्ठ अतिथि निदेशक डीएचआरडी, डॉ एच एल देशवाल तथा विशेष अतिथि सीआईएएच खजूर विशेषज्ञ डॉ. रामकेश मीणा व कीट वैज्ञानिक एसकेआरएयू डॉ बीडीएस नाथावत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जिले में खजूर क्षेत्र विस्तार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बीकानेर को खजूर हब के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। निदेशक डीएचआरडी डॉ एच एल देशवाल ने खजूर क्षेत्र विस्तार की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला। कीट वैज्ञानिक एसकेआरएयू डॉ बीडीएस नाथावत ने खजूर में लगने वाली कीट व्याधियों के नियंत्रण उपाय के बारे में विस्तार से बताया। सीआईएएच खजूर विशेषज्ञ डॉ. रामकेश मीणा ने खजूर उत्पादन, विभिन्न किस्मों के साथ ही खजूर पैकेज आफ प्रेक्टिस के बारे में विस्तार से बताया। सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने बताया कि खजूर क्षेत्र विस्तार की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत खजूर फल बगीचा स्थापना पर किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान उद्यान विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा है। सेमिनार में दो दिवस में आयोजित 10 तकनीकी सत्रों में काफी बड़ी संख्या में युवा प्रगतिशील नवाचारी उद्यान किसानों ने भाग लिया व विस्तृत चर्चा की। सभी प्रतिभागी किसानों को अतिथियों द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उद्यान विभाग से कृषि अधिकारी जोधराज कालीरावणा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में उद्यान विभागीय अधिकारी सेमिनार संयोजक रमेश भाम्भू, लक्ष्मण सिंह शेखावत, अनिरूद्ध, पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मपाल, बनवारीलाल सैनी, करणीदान इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने किया।

# अंबुजा फाउंडेशन ने मनाया विश्व जल दिवस; भामटसर में किसानों को सिखाए जल संरक्षण और लैंगिक समानता के गुर

भीम प्रज्ञा न्यूज.नोखा/भामटसर।



अंबुजा फाउंडेशन की 'बेहतर कपास परियोजना' के अंतर्गत ग्राम भामटसर में विश्व जल दिवस एवं लैंगिक समानता थीम पर एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि में जल की बचत, उन्नत खेती और समाज में महिला-पुरुष समानता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपीसी भारत सरकार, राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर के एडवोकेट अशोक प्रजापत, भवानी जोशी एवं श्याम मारू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव खंडेलवाल (जोनल मैनेजर, अंबुजा फाउंडेशन) ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### जल संचयन ही भविष्य का आधार: गौरव खंडेलवाल

अपने संबोधन में गौरव खंडेलवाल ने वर्षा जल संग्रहण (Rainwater Harvesting) और ड्रिप व स्प्रिंकलर जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीकों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों का उपयोग कम करना चाहिए, क्योंकि बारिश के दौरान बहकर ये रसायन जल संचयन स्रोतों में मिल जाते हैं, जिससे जल प्रदूषण बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को सुरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### सुरक्षित और टिकाऊ खेती का संदेश

बेहतर कपास परियोजना के कोऑर्डिनेटर अजय पाल यादव ने किसानों को टिकाऊ खेती और परियोजना के लाभों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान (सेडी) के बारे में भी विस्तार से बताया। वहीं मुख्य अतिथि अशोक प्रजापत ने 'जल ही जीवन है' के मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कृषि अधिकारी मामराज और राजीविका BPM पवन कुमार बिश्नोई ने किसानों को सरकारी योजनाओं और नवाचारों के प्रति जागरूक किया।

### 300 किसानों ने लिया संकल्प

इस आयोजन में आसपास के गांवों के लगभग 300 किसानों ने भाग लिया और जल संरक्षण व सामाजिक समानता का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललित सिंह भाटी, सुदर्शन मंगोलिया, अर्पित सुथार, भाग्यवर्धन राठौड़, मधु बिश्नोई, प्रेरणा गिरी, सलोनी, सुमित्रा सेन एवं स्मिता का विशेष योगदान रहा।

### नुक्कड़ नाटक रहा मुख्य आकर्षण

कार्यक्रम के दौरान एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को सरल भाषा में जल संरक्षण, व्यक्तिगत सुरक्षा किट (PPE) के उपयोग, हानिकारक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव, बाल श्रम की रोकथाम और जैविक खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।

# एसपी सिद्धांत जैन, आईपीएस ने मुख्य सिपाही सतेंद्र को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

## पुलिस परिवार में सौहार्द और सम्मान का संदेश

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने आज अपने कार्यालय में तैनात मुख्य सिपाही सतेंद्र का जन्मदिन मनाते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसपी सिद्धांत जैन ने केक काटकर सतेंद्र को बधाई दी और उनके स्वस्थ, सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसपी जैन ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस एक परिवार की तरह कार्य करती है, और कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करना टीम भावना को और मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण तथा आपसी सहयोग से पुलिसिंग के कार्यों में उत्कृष्टता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी मुख्य सिपाही सतेंद्र को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# स्व. मनोज रैण की स्मृति में स्वास्थ्य केंद्र को भेंट किए दो एयर कूलर



भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार** । स्व. मनोज रैण की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी दीपिका मनोज रैण एवं डॉ. सुचित्रा जनागल द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संख्या 3 के जनरल वार्ड के मरीजों की सुविधा हेतु दो बड़े एयर कूलर भेंट किए गए। इस पहल से अस्पताल में भर्ती मरीजों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। इस अवसर पर संस्था प्रभारी योगेश साध, डॉ. सुचित्रा जनागल एवं ओमप्रकाश मेघवंशी द्वारा दीपिका मनोज रैण का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त चिकित्सालय परिवार ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

# बाछौद आदर्श महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति पर नारनौल सेंट्रर ने गायों के दूध के लिए निरीक्षण किया

## समिति की सदस्यों ने चीलिंग प्लांट की मांग की

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।



**मनोज बुलाण** । दी-बाछौद आदर्श महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति अटेली क्षेत्र में सफेद क्रांति को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण महिलाएं गांवों में कार्य कर रही है। दुग्ध उत्पादक समिति में द्वारा गायों की दूध की स्वीकृति के लिए किये गये आवेदन पर नारनौल के चिलिंग सेंट्रल से सुपरवाईजर व लैब के कर्मियों ने समिति की सदस्यों व पदाधिकारियों से मंत्रणा की। सेंट्रल के सुपरवाइजर अश्वनी यादव, अमित कुमार,नरेंद्र शर्मा आदि ने मिर्जापुर-बाछौद समिति की प्रधान सुमन देवी, सचिव बीरमति, उप प्रधान विद्या देवी, सदस्य प्रियंका,भतेरी, रेश्मा आदि मिल कर बात की। समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति में करीब 500 लीटर दूध सैकड़ों पशुपालक अपने गाय व भैंस का दूध सुबह-शाम दूध दे रहे है। समिति पशुपालकों के दूध को वीटा दूध उत्पाद में भेजा जाता है। समिति की प्रधान सुमन देवी, सचिव बीरमति ने बताया कि सरकार दूध उत्पादन को सहकारी संस्थाओं को बढ़ावा देने के लिए हम अपने परिवार के लोगों के सहयोग से कार्य कर रहे है। अगर समिति की सदस्यों ने बताया कि अगर समिति को चीलिंग प्लांट की मुहैया करवा दिया जाये तो दूध की गुणवत्ता बरकरार रहेगी अब गर्मियों के दिन आ रहे है। यह दुग्ध उत्पादक समिति में वर्तमान में भैंसों का दूध एकत्रित कर उसको बीएमसी में दूध देते है। गायों के दूध का संग्रह करने के लिए प्रक्रिया के लिए आवेदन किया हुआ है। नारनौल चिलिंग सेंटर के मैनेजर उदयभान ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में पशुपालकों को दूध को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहे है। सफेद क्रांति को बढ़ावा देने क लिए पशुपालकों व किसानों की आय की बढ़ोतरी के लिए कार्य किये जा रहे है। गांव के सरपंच दिलबाग सिंह, संजय बागड़ी, हनुमान, बिनोद, कंवर सिंह, बनवारी, राजू आदि ने बताया कि यह समिति हमारे गांव में दूध के लिए बेहतर कार्य कर रही है। अगर इस समिति को नारनौल चिलिंग सेंट्रर द्वारा विशेष सहयोग दिया जाये तो यह समिति ज्यादा बेहतर कार्य कर सकती है।

# महासर माता मंदिर में नवरात्रों पर शुरू हुए मेले में सप्तमी के मौके पर श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नते

## विभिन्न कोनों से श्रद्धालुओं का आ कर अपनी मिन्नोती मांगते है, नवमी पर आज भंडारे होंगे

## 27 मार्च अप्रैल तक मेला चलेगा ,माता के स्थान पर मिन्नते व भंडारे हो रहे है

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।





क्षेत्र के गांव गढ़ी-महासर स्थित महासर माता का नवरात्रों के प्रारंभ हुए मेले में बुधवार सप्तमी के मौके पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मात के स्थान पर भक्तों ने पूजा अर्चना की। मेले में चैत्र माह के नवरात्रों के शुरू होंने पर भक्त गण समापन 27 मार्च तक तक अपनी मिन्नते मांगते है। माता के दरबार में से जात-जडूले ज्यादा उतारे जा रहे है नवमी तक यह सिलसिला जारी रहता है। इस स्थान पर किवंदती है कि इस स्थान पर दुर्गा माता मंदिर में पांडवों ने अपना खोया हुआ वैभव पाने के लिए द्वारिकाधीश के आदेश पर पर पूजा अर्चना की थी। इस मेले में आस-पास के क्षेत्रों के ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न कोनो से श्रद्धालु भक्त आकर माता के दरबार में अपनी मिन्नते मांगते है। महासर मंदिर निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्रीधर गुप्ता ने बताया कि वैष्णो देवी की तरह ही पिंडी रूप में प्रकट हुई थी। यह मंदिर करीब 1 हजार साल पुराना है। मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य जनवरी 2010 में शुरू हुआ था जो अब भव्य रूप से बन गया है। मंदिर में साल के दो नवरात्रों में भव्य मेले लगते है तथा देश के विभिन्न कोनो से लाखों भक्त श्रद्धापुर्वक यहा आकर अपनी मिन्नौती मांगते है। संजय शास्त्री ने बताया कि मंदिर में आने वाले भक्तजनों की सुविधा के लिए मंदिर के समीप साल के हर दिन भंडारा चलता रहता है। माता के स्थान पर शतचंडी यज्ञ भी 9 दिनों तक चलेगा। माता मंदिर में स्थित जोहड़ को सरोवर में बनाया गया है इसके अलावा मेन गेट का भव्य द्वारा भी स्थापित कर दिया है।

बॉक्स-दूर-दराज से माता के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी व असुविधा न हो इसके लिए मंदिर के नजदीक पोखर के नजदीक तीन मंजिला वाली वातानुकूलित धर्मशाला बनी हुई है। धर्मशाला में पूजा अर्चना के लिए भगवती भवन बनाया हुआ है। ट्रस्ट की मंदिर के साथ बने जोहड़ को सरोवर बना दिया गया है। स्थान को सौंदर्यीकरण में चार चांद लगाने की योजना है। भक्तों भगवती भवन व धर्मशाला के मैनेजर रूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस मंदिर में आस-पास के गांवों के अलावा देश के विभिन्न स्थानों से लाखों की संख्या में भक्त गण यहा आकर अपनी मिन्नते मांगते है। संजय शास्त्री व श्रवण कुमार आदि ने बताया कि कि मेले में भंडारे का आयोजन होगा। मनबीर लांबा परिवार की ओर से शतचंडी यज्ञ होगा जो नौ दिनों तक चलेगा वही लक्ष्मण दल के राकेश अग्रवाल की ओर से मंदिर परिसर में भंडारा व धर्मशाला में विशेष सुविधाए रहेगी। फाजिल्का से आये भक्त विपिन गोयल ने बताया कि मंदिर में उनकी तरफ से भंडारा होता है। मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक पुष्कर दत्त शर्मा, महेश शर्मा ने बताया कि ने बताया साढ़े पांच हजार वर्ष पहले लक्ष्य ग्रह में पांडवों को जलाने पर विदुर नीति से पांडव बाहर निकले थे तथा श्री कृष्ण के कहने पर जीवन में सफलता व अच्छे जीवन व्यतीत के लिए 51 शिव की पीठ है तथा 51 ही सिद्ध देवी की पीठ का दर्शन करने पर आपको लाभ व सुख मिलेगा साथ ही आर्यावर्त (भारत) की भौगोलिक जानकारी व दूसरी जानकारी मिलेगी। उसके बाद पांडवों ने सबसे पहले वैष्णो देवी व महेश्वरी पीठ का दर्शन किया था। उसके बाद पांडवों ने महासर माता के दर्शन किये थे। चैत्र मास की शुक्ल पंचमी को माता पिंडी के विशेष दर्शन होने पर सप्तमी पर भव्य मेला भरता है। अक्षय तृतीय को मंदिर का निर्माण प्रारंभ हुआ तथा साल में नवरात्रों में दो बार माता का मेला भरता है। अब देश के विभिन्न कोनों से मात के स्थान पर भक्तगण आकर अपनी मिन्नते मांगते है। मंदिर निर्माण मंदिर में धर्मशाला के समीप भक्तजनों के लिए हर समय भंडारे का विशेष व्यवस्था होती है। थाना प्रभारी सज्जन सिंह व एएसआई बाबुलाल ने बताया कि मंदिर में विशेष चौकसी रही तथा सप्तमी तक पुलिस का चौक चौबंद प्रबंध के लिए महिला व पुरुष कर्मियों की तैनाती की गई है।

# साइबर क्राइम फतेहाबाद की कार्रवाई, यूपीआई फ्रॉड मामले में आरोपी काबू

## महिला के खाते से रू1,87,800/- की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू, मामला दर्ज

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने यूपीआई फ्रॉड के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गहन जांच एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। आरोपी की पहचान जीतू सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी वार्ड नंबर 14, सुंदर नगर (हनुमान मंदिर के पास) फतेहाबाद (किरायेदार) तथा वर्तमान पता वार्ड नंबर 8, गली नंबर 5, योग नगर फतेहाबाद के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है तथा मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता शीतल पत्नी भरत कुमार (पुत्री गजानन्द) निवासी भादरा, हाल ठाकर बस्ती, नियर बाल भवन फतेहाबाद ने बताया कि उसका तथा उसकी माता का पंजाब नेशनल बैंक, धर्मशाला रोड फतेहाबाद में संयुक्त खाता था, जिसकी देखरेख वह स्वयं करती थी। दिनांक 25.12.2025 से 28.12.2025 के बीच अज्ञात आरोपी द्वारा धोखाधड़ीपूर्वक शिकायतकर्ता के बैंक खाते से संबंधित जानकारी/यूपीआई प्रणाली का दुरुपयोग करते हुए विभिन्न ऑनलाइन ट्रांजेक्शनों के माध्यम से कुल रू1,87,800/- की राशि निकाल ली गई, जबकि शिकायतकर्ता द्वारा किसी भी प्रकार का ओटीपी या गोपनीय जानकारी साझा नहीं की गई थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई।

उक्त शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में अभियोग संख्या 11 दिनांक 12.02.2026 धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंकिंग विवरण का विश्लेषण करते हुए आरोपी तक पहुंच बनाई और उसे काबू कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले में गहनता से जांच जारी है, ताकि धोखाधड़ी में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# फसल खरीद के लिए हो उचित व्यवस्था, समय रहते तैयारी करें सुनिश्चित: डीसी

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने रबी फसल खरीद के मद्देनजर ली अधिकारियों की बैठक

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा** । डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से रबी फसल खरीद के दौरान मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए, संबंधित विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखें और सभी व्यापक प्रबंध समय पर सुनिश्चित हों। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में रबी सीजन फसल खरीद को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। डीसी ने कहा कि मंडी में सरसों व गेहूं बेचने आने वाले किसानों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला में रबी फसल की खरीद के लिए 7 अनाज मंडी व जरुरत अनुसार खरीद केंद्र बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला में हैफेड, खाद्य आपूर्ति विभाग और वेयर हाउस द्वारा निर्धारित नियमानुसार फसल की खरीद की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गेहूं 2585 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों 6200 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित किया गया है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार मंडियों में फसल खरीद की जाए। सभी नोडल अधिकारी मंडियों की फील्ड विजिट करें। साथ ही नमी मापने वाले उपकरणों (मॉइस्चर मीटर) की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंडी में आने वाले किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के लिए मंडियों में पेयजल, शौचालय, छाया सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की पूरी व्यवस्था की जाए। इसके साथ-साथ सभी मंडियों में लिफ्टिंग का कार्य भी सुचारू रूप से होना सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि अनाज मंडियों में रबी फसल की खरीद के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इसी के साथ सरकार द्वारा मंडियों में रबी फसल की खरीद को लेकर मापदंड निर्धारित किए है। इसके साथ-साथ गेट पास के लिए किसान का बायोमेट्रिक सत्यापन भी आवश्यक होगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे मंडियों में अपनी फसलों की उपज को सुखाकर लाएं, ताकि फसल बेचने में किसी भी किसान को परेशानी न हो पाए। इस अवसर पर एडीसी अनुराग ढालिया, फतेहाबाद एसडीएम राजेश कुमार, रतिया एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 को डीपीआरसी हॉल में आयोजित बैठक में डीसी करेंगे 12 मामलों की सुनवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 मार्च को बाद दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के समीप स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी हॉल) में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती करेंगे। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे जाएंगे। सीटीएम गौरव गुप्ता ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में 2 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 10 परिवाद नये रखे गए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे निर्धारित तिथि को सही समय व स्थान पर अपने-अपने विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में डीडीपीओ, जिला नगरायुक्त व एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग टोहाना, अधीक्षण अभियंता जन सेवाएं मंडल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व मुख्य डाकपाल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व डीडीपीओ, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद फतेहाबाद तथा सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फतेहाबाद से एक-एक, पुलिस अधीक्षक से 2 परिवाद तथा एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद से संबंधित 3 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे।

# दक्षिण अफ्रीका ने जीती टी20 सीरीज, पांचवें मैच में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराया

**हेग्ले ओवल (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने हेग्ले ओवल में खेले गए पांचवें टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर न सिर्फ मैच जीता है, बल्कि 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली है।

न्यूजीलैंड को इस मैच और सीरीज को जीतने के लिए 188 रन का लक्ष्य मिला था। बड़े लक्ष्य के दबाव और दक्षिण अफ्रीका की कसी हुई गेंदबाजी के सामने न्यूजीलैंड का टॉप ऑर्डर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सका। अच्छी शुरुआत नहीं मिलने की वजह से न्यूजीलैंड कभी भी जीत की तरफ जाती नहीं दिखी और 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 154 रन बना सकी।

कीवी टीम के लिए बेवोन जैकब्स ने 19 गेंदों पर 3 छक्कों और 2 चौकों की मदद से सर्वाधिक 36 रन की पारी खेली। इसके अलावा, टॉम रॉबिनसन ने 25 और डेन क्लिवर ने 22 रन की पारी खेली। कप्तान जिमी निशम ने 24 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएट्ज़ी, ओटनिल बार्टमैन, और वियान मुल्डर ने 2-2, जबकि कप्तान केशव महाराज ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टोनी डे जॉर्जी 12 रन बनाकर पहले विकेट के रूप में 21 के स्कोर पर आउट हुए थे। दूसरे विकेट के लिए वियान मुल्डर और रूबिन हरमन ने 55 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी। मुल्डर 29 गेंदों पर 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे विकेट के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन ने रूबिन हरमन के साथ 49 रन की साझेदारी की। टीम का स्कोर जब 125 था, हरमन 31 गेंदों पर 39 रन बनाकर आउट हुए।

एस्टरहुइजन और डियान फोरेस्टर ने चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों पर 61 रन की तूफानी साझेदारी की। एस्टरहुइजन 33 गेंदों पर 6 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 75 रन बनाकर आउट हुए। फोरेस्टर 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 187 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड की धरती पर पहली बार टी20 सीरीज जीती है।





# मिचेलसन को हराकर मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे सिनर



**मियामी (एजेंसी)।** इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है। इस जीत के साथ ही सिनर मियामी ओपन के अपने पहले पांच मुकाबलों में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि केवल यानिक नोह और स्टीफन एडबर्ग को हासिल हुई थी। सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से पीछे होने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जीत के बाद

सिनर ने कहा कि अच्छी सर्विस के कारण ही वह जीत हासिल कर पाये हैं। साथ ही कहा कि खिताबी जीत के लिए अभी उन्हें काफी प्रयास करना होगा। इसके लिए उन्हें खेल का स्तर ऊंचा उठाना होगा। इसके लिए वह ब्रेक के दौरान अभ्यास करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टन ने भी बड़ा उलटफेर करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी सेबेस्टीयन कोर्डा को 2-6, 7-6(6), 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में स्थान बनाया। अब उनका सामना जिरी लेलेका से होगा। से होगा। लेलेका ने टेलर फिट्ज को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

# आईपीएल में सबसे अधिक नो बाल हैं बुमराह के नाम



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का लक्ष्य नये रिकार्ड बनाना रहेगा। बुमराह ने आईपीएल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है पर उनकी गेंदबाजी में एक कमी भी रही है और वह ये कि बुमराह आईपीएल में सबसे अधिक नो बाल फेकने वाले गेंदबाज हैं। बुमराह ने अपने करियर में अब तक कुल 32 नो बॉल किये हैं। वहीं बुमराह के अलावा उमेश यादव 24 और ईशांत शर्मा 23भी इस सूची में शामिल हैं।

बुमराह ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए साल 2013 में पदर्पण के बाद से ही अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। मुबई के लिए डेब्यू के बाद से ही वह इसी फ्रेंचाइजी के साथ हैं और वह टीम के सबसे मुख्य गेंदबाज बने हैं। इस लीग में अच्छे प्रदर्शन के बाद ही वह सबकी नजरों में आये थे। भारतीय टीम में उनके प्रवेश के पीछे भी आईपीएल में किया प्रभावी प्रदरर्शन रहा है।

आईपीएल करियर की बात करें तो बुमराह ने अबतक कुल 145 मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने मुंबई के लिए 22.02 की औसत से कुल 182 विकेट लिए हैं। आईपीएल में बुमराह ने 2 बार 5 विकेट लिए है जबकि 3 बार 4 विकेट लिए हैं। मुम्बई की पांच बार की खिताबी जीत में भी उनके अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। केवल एक मामले में उनपर दाग लगा है और वह ये है कि उनके नाम सबसे ज्यादा नो बाल हैं। प्रवीण ने 2008 से 2017 के बीच कुल 119 मुकाबले खेल। इस दौरान उन्?होंने 420.4 ओवर गेंदबाजी करते हुए 14 ओवर मेडन फेंके और 90 विकेट अपने नाम किए।

# अमेलिया के अच्छे प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**सीरीज 4-1 से जीती**

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की महिला टीम ने यहं खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 92 रनों से हरा दिया। इस मैच में जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम ने पांच मैचों की इस सीरीज को 4-1 से जीता। अमेलिया ने इस मैच में 105 रन बनाने के साथ ही दो विकेट भी लिए। इस मैच में अमेलिया के शतक से कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 194 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नो विकेट पर 102 रन ही बना सकी और 92 रनों से हार गई। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज इस मैच में कीवी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये। केवल एनरी डकर्सन ही सबसे अधिक 23 रन बनाये। उनके अलावा सुने लूस ने 13 जबकि कायला रेनेके ने 10 रनों रन बनाये। अयाबोंगा खाका ने 12 रन बनाये। वहीं बचे हुए सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये।




न्यूजीलैंड की ओर से ताहिलिया तहुहू ने तीन विकेट जबकि सोफी डिवाइन और अमेलिया केर ने दो-दो विकेट लिए। वहीं नेंसी पटेल और फ्लोरा डेवनशायर ने एक-एक विकेट लिया। आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर कीवी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहला विकेट शुरुआत में ही 9 रन के स्कोर पर खो दिया पर अमेलिया एक छोर पर टिकी रहीं। वहीं जॉर्जिया प्लिमर ने 27 जबकि ब्रूक हैलिडे ने 26 रन बनाये। वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका और टुमी सेखुखुने ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

# कोको गाफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची



फ्लोरिडा । अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। गाफ ने क्वार्टर फाइनल में स्विटजरलैंड की मेलिंडा बेनसिस को हराया। गॉफ ने इस मुकाबले के बीच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच में गाफ ने पहला सेट 6-3 से जीता पर दूसरे सेट में उसे 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीसरे सेट में गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए जबरदस्त वापसी करते हुए मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से अपने नाम किया । जीत के बाद गाफ ने कहा, यह एक कठिन मैच था। बेलिंडा काफी अच्छी खिलाड़ी हैं। इस मैच में जीत के लिए मुझे काफी संघर्ष करना पड़ा। अब सेमीफाइनल में गाफ का सामन चेक गणराज्य की केरोलिन मुचोवा से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।

# आईपीएल में वापसी को तैयार हैं तेज गेंदबाज मयंक

**लखनऊ (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण खेल से दूर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल के इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। मयंक ने कहा कि पहले वह अपने शरीर पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे पर अब वह करियर को बचाने के लिए काफी सजग हैं। मयंक को कई बार चोट के कारण खेल से दूर होना पड़ा है। आईपीएल 2024 में चोट लगने से उन्हें बड़ा झटका लगा था। इसके बाद वह लगातार चोट से परेशान रहे और आईपीएल 2025 के शुरुआती मैचों के बाद बाहर हो गए।

अब वह बेंगलुरु के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिहैबिलिटेशन पूरा करके आईपीएल में वापसी को तैयार हैं। मयंक ने कहा, 'सर्जरी के बाद मेरे लिए सब कुछ बदल गया। पहले मैं अपना ध्यान नहीं रखता था। रिकवरी सत्र से बचता था और कई चीजों को नजरअंदाज करता था पर अब मैं रिकवरी, पोषण और नींद पर पूरा ध्यान देता हूं। जितना मैं अपने शरीर का सम्मान कर रहा हूं, उतना ही मेरा शरीर भी मैदान पर मेरा साथ दे रहा है।' मयंक ने कहा कि एनसीए में उनकी मुलाकात जसप्रीत बुमराह से हुई, जिन्होंने भी ऐसी ही सर्जरी कराई थी। उनके साथ मेरा अच्छा तालमेल है। उन्होंने इसको लेकर मुझे काफी सुझाव दिये जिनका मैं अब पालन कर रहा हूं। तब उन्होंने कहा था कि सर्जरी के बाद वापसी करने पर किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में उनके अनुभवों से मुझे सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि रिकवरी के दौरान शरीर कैसा महसूस करेगा और इस कठिन समय का सामना कैसे करना है। मयंक का अब तक का करियर चोटों से प्रभावित रहा है। साल 2022 में आईपीएल में प्रवेश के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 20 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा था। दो सीजन बाद 2024 में उन्हें डेब्यू का अवसर मिला। इस गेंदबाज ने अपने डेब्यू मैच में ही 150 किमी की गति से गेंदबाजी कर सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने सत्र की सबसे तेज गेंद गेंद 156.7 किमी प्रति घंटे रफ्तार से फेंकी।

# वैभव के पास अच्छा बल्लेबाजी कौशल : जितेश



मुम्बई । विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा ने उभरते हुए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। जितेश के अनुसार वैभव एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो हमेशा आक्रामक बल्लेबाजी पसंद करते हैं। उनके पास अच्छा कौशल है और वह आने वाले समय में विश्व क्रिकेट में छा सकते हैं। वैभव ने केवल 15 साल की उम्र में ही काफी कुछ हासिल कर लिया है। पहले आईपीएल में ही उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसके बाद भी इस बार आईपीएल में उनकी राह आसान नहीं रहेगी। इस बार उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद अब सभी टीमों के गेंदबाज उनकी बल्लेबाजी का आंकलन कर उनाक कमजोर पक्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं और उन सभी का लक्ष्य उस क्षेत्र में गेंदबाजी करना रहेगा जिसमें वह कमजोर हैं। इस बार टीम में संजू सैमसन के नहीं होने से भी वैभव को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। ये भी हो सकता है कि उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है। वहीं दक्षिण अफ्रीक के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स ने कहा कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने वैभव को अंडर-19 में बल्लेबाजी करते हुए देखा है। डिविलियर्स ने कहा, जब आपको आईपीएल और बड़ी क्रिकेट लीग का अनुभव मिलता है और आप फिर भी उसी स्तर का प्रदर्शन करते हैं, तो यह आसान नहीं होता। उन्होंने जिस तरह से अंडर-19 विश्व कप में खेला, उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ। मैं उनके खेलने के तरीके की बात कर रहा हूं। उन्होंने अपने गेम प्लान पर कायम रहते हुए खेला। जैसे उन्होने आईपीएल में खेला, वैसे ही वहां भी खेला।

# हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में दोहरे नामांकन से खुद पर भरोसा मजबूत हुआ : गोलकीपर प्रिंस दीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभी तक सीनियर टीम में पदार्पण नहीं करने के बावजूद हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में दो नामांकन पाने वाले युवा गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने कहा कि इससे उनका खुद पर भरोसा मजबूत हुआ है। सीनियर पुरूष राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रहे 21 वर्ष के प्रिंस दीप को हॉकी इंडिया बलजीत सिंह वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और हॉकी इंडिया जुगराज सिंह वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी के पुरस्कार के लिये नामांकन मिला है। ये पुरस्कार शुक्रवार को यहां दिये जाएंगे।



प्रिंस दीप ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं और गर्व महसूस कर रहा है। ऐसे पुरस्कारों के लिये नामांकन पाने में समय लगता है लेकिन मुझे जल्दी मिल गया। टूर्नामेंटों में अच्छे प्रदर्शन और शीर्ष गोलकीपरों के साथ अपना नाम देखकर काफी प्रेरणा मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'भारत के पास बेहतरीन गोलकीपर हैं। उनके बीच नामांकन पाना और वह भी सीनियर टीम में पदार्पण से पहले, खास है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं सही रास्ते पर हूं।'

उन्होंने कहा, 'यह इस सम्मान से मिला सबसे बड़ा तोहफा है। इससे खुद पर संशय नहीं रह गया और आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिली है। अब मुझे पता है कि मैं सही राह पर हूं और लगातार सुधार करता रहूंगा।' प्रिंस दीप 2024 FIH जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, जोहोर कप 2025 में रजत और पिछले साल चेन्नई में FIH जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीत चुके हैं।


पठानकोट के रहने वाले प्रिंस दीप ने शुरूआत फुल बैक के रूप में बटाला की चीमा हॉकी अकादमी में की थी। उन्होंने बताया, 'मैं फुटबॉल में गोलकीपर के रूप में खेलता था और कुछ अच्छे गोल बचाए। मेरे कोचों ने मेरा कद देखकर हॉकी में गोलकीपिंग का सुझाव दिया। वहीं से शुरूआत हुई।'

# शाकिब अल हसन की लंबे समय के लिए वापसी चाहते हैं बशर



ढ़ाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के नये चयन पैनल के चेयरमैन हबीबुल बशर के आने के बाद टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की वापसी की उम्मीदें जतायी जा रही हैं। बशर ने साफ किया कि वह न्यूजीलैंड सीरीज ही नहीं लंबे समय तक शाकिब को टीम में शामिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फोकस शाकिब अभी देश में नहीं है। इसलिए ये नहीं कहा जा सकता कि वह न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में रहेंगे या नहीं। साथ ही कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो स्वयं भी खेलना चाहेगा पर उसे भी तैयारी की जरूरत है। साथ ही कहा, मुझे नहीं लगता कि शाकिब एक सीरीज के लिए आएंगे और फिर चले जाएंगे। अगर हमें उनकी सेवाएं मिल सकती हैं तो हम चाहेंगे कि वह लंबे समय तक अपनी सेवा द दें। मुझे लगता है कि वह अभी दो साल खेल सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, कई लोग रिटायरमेंट की बात करते हैं, जैसे, हमने मुशफिकुर रहीम के संन्यास की बातें देखी हैं। मैंने कहा है कि वे जितना ज्यादा समय तक खेलेंगे, हमारे लिए उतना ही अच्छा होगा। हम उन्हें जितना ज्यादा टीम में शामिल कर सकते हैं, टीम के लिए उतना ही अच्छा होगा और जब हम उन्हें चुनते हैं, तो ऐसा नहीं होता कि वे आकर रिटायर हो जाएं। मैं उन्हें लंबे समय के लिए चाहता हूं, कम से कम उनके पास ऐसा प्लान हो कि वे 2027 विश्व कप खेल सकें। इसलिए मेरी योजना केवल एक सीरीज के लिए नहीं हैं। बशर ने कहा है कि उनका पहला ध्यान इस बात पर है कि बांग्लादेश की टीम एकदिवसीय विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करे। विश्वकप अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है।

# लिवरपूल को झटका, सालाह सीजन के आखिर में छोड़ देंगे टीम



लंदन ~ मोहम्मद सालाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वह सीजन के आखिर में लिवरपूल एफसी छोड़ देंगे, जिससे एनफील्ड में उनका शानदार समय खत्म हो जाएगा। 33 साल के इस खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इस खबर को कन्फर्म करते हुए कहा, 'बदकिस्मती से वह दिन आ गया है। यह मेरे फेयरवेल का पहला हिस्सा है,' और फिर कहा, 'मैं सीजन के आखिर में लिवरपूल छोड़ दूंगा।' सालाह ने अप्रैल 2025 में क्लब के साथ दो साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लिवरपूल ने कहा कि दोनों पार्टियों ने उनके भविष्य को लेकर 'एक एग्रीमेंट' कर लिया है जिससे वह फ्री ट्रांसफर पर जा सकते हैं। उनके अपने ऊंचे स्टैंडर्ड के हिसाब से, पिच पर यह एक मुश्किल कैंपेन रहा है। सालाह ने सभी कॉम्पिटिशन में 34 मैचों में 10 गोल किए हैं, जिससे 2017 में क्लब जॉइन करने के बाद से उनका सीज़न का सबसे कम गोल हो गया है। ऑफ-फील्ड दिक्कतों ने भी इसमें भूमिका निभाई है। दिसंबर में लीड्स के साथ 3-3 के ड्रॉ के बाद सालाह ने कहा कि क्लब ने उन्हें 'बस के नीचे फेंक दिया' था और बताया कि हेड कोच आर्ने स्लॉट के साथ उनका रिश्ता टूट गया था। हालांकि जनवरी में उनके बाहर होने की अटकलें थीं, लेकिन अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में शामिल होने के बाद वह टीम में वापस आ गए। यह अभी साफ नहीं है कि सालाह अगले सीजन में कहां खेलेंगे। लिवरपूल ने कहा कि उन्होंने सपोटर्स के लिए 'सम्मान और आभार' दिखाने और अपने भविष्य के बारे में साफ जानकारी देने के लिए यह घोषणा जल्दी करने का फैसला किया।

# नेपाल में जन्मे डिफेंडर भारती हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय शिविर में

नई दिल्ली ~ नेपाल में जन्मे डिफेंडर अबनीत भारती हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय सीनियर पुरूष टीम के कोच्चि में चल रहे शिविर में जुड़ गए हैं। इससे एक दिन पहले इसी मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया में जन्मे रियान विलियम्स को टीम में शामिल किया गया था। अब भारत के शिविर में पहली बार दो विदेश में जन्मे खिलाड़ी हैं जिन्हें हाल ही में भारतीय पासपोर्ट मिला है। विलियम्स बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल सके थे क्योंकि फीफा से उन्हें मंजूरी देर से मिली। अब वह हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को भारत के लिए पदार्पण करेंगे। भारत 2027 में सउदी अरब में होने वाले एएफसी एशियाई कप की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं, ऐसे में टीम को अनवर अली के साथ भरोसेमंद सेंटर बैक की जरूरत है जो भारती हो सकते हैं। भारती अभी फीफा से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। नेपाल में जन्मे भारती ने नाइजीरिया में स्कूली दिनों में गोलकीपर के रूप में शुरूआत की थी। भारत आने के बाद उन्होंने डिफेंडर के तौर पर खेलना शुरू किया और बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल तथा शास्त्री एफसी के लिए खेले। सिंगापुर में गेलांग इंटरनेशनल के साथ अभ्यास करने के बाद वह स्पेन में रीयाल वाल्लाडोलिड अकादमी से जुड़े। उन्होंने जर्मनी में भी चयन ट्रायल दिए थे। वह 2019 में केरला ब्लास्टर्स के साथ जुड़े लेकिन करार नहीं हो पाया। इसके बाद से वह चेक गणराज्य में और उधार पर किर्गीस्तान, पनामा, अर्जेंटीना और अब बोलिविया में खेलते रहे हैं।



# आईपीएल में प्रशांत वीर सहित इन उभरते हुए खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार प्रशांत किशोर सहित पांच उभरते हुए खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। ऐसे में ये सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने के इरादे से उतरेंगे। आईपीएल एक ऐसा मंच है जिसपर उभरती प्रतिभाओं को अवसर मिलता रहा है और ये ही इस बार भी हो रहा है।

**प्रशांत वीर :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने प्रशांत को 14.2 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदकर सबको हैरान कर दिया था। प्रशांत निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही वह बाएं के एक अच्छे स्पिनर हैं। जिसकी घूमती हुइ गेंदों का सामना करना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। प्रशांत को ऑलराउडर रविन्द्र जडेजा की कमी करने शामिल किया गया है। ऐमें सभी की नजरें उनपर रहेंगी। यूपी टी20 लीग 2025 में प्रशांत ने 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 320 रन बनाए थे, जबकि 6.69 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 8 विकेट भी निकाले थे।

**कार्तिक शर्मा:** कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में 14.2 करोड़ की मोटी रकम लगाकर खरीदा है। कार्तिक विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण सभी की नजरों में आये। लंबे-लंबे छक्के लगाना कार्तिक की खूबी है।

*आकिब नबी डार:* तेज गेंदबाज आकिब नबी की शानदार गेंदबाजी से जम्मूकश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने में सफल रही। आकिब इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आयें। अब देखना है कि वह इमसें कितना प्रभावित करते हैं।

**मुकुल चौधरी:** विकेटकीपर-बल्लेबाज मुकुल चौधरी लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से उतरेंगे। मुकुल राजस्थान की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस घरेलू सीजन में उन्होंने 5 पारियों में 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 173 रन बनाए थे। वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण मैच विजेता माने जाते हैं।

**अशोक शर्मा:** अशोक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली में 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सभी का ध्यान खींचा था। इस टूर्नामेंट में अशोक ने 10 मुकाबलों में कुल 22 विकेट लिए थे। अब वह लीग में गुजरात टाइटंस की ओर से नजर आएंगे। अशोक को अगर मौका मिला, तो वह जरूर इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।





# 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं

फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी। हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं।

अक्षय कुमार के साथ बिठाया तालमेल सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया।

पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



# 'धुरंधर 2 में' परवीर कौर ने कम स्क्रीन टाइम के बावजूद जीता सबका दिल


**'धुरंधर 2' में एक छोटा सा सीन आता है, जहां जसकीरत सिंह रंगी और उनकी छोटी बहन जसलीन से मिलता है। वो सीन काफी इमोशनल होता है। आइए उस एक्ट्रेस के बारे में जानते हैं, जिन्होंने ये किरदार निभाया।**

परवीर कौर पंधेर फिल्म में जसलीन कौर रंगी का किरदार निभाती हैं। परवीर पंजाबी सिनेमा की उभरती हुई एक्ट्रेस और सिंगर हैं और इस फिल्म के साथ उनका बॉलीवुड में डेब्यू था। पंजाब की रहने वाली परवीर कौर पंधेर ने पंजाबी म्यूजिक वीडियोज, गानों और फिल्मों के जरिए मजबूत फैनबेस बनाया है। इंस्टाग्राम पर उनके 8.5 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जहां वह अपने सिंगर से एक्टर बनने के सफर को शेयर करती रहती हैं। भले ही परवीर कौर पंधेर का स्क्रीन टाइम कम था, लेकिन जसकीरत सिंह रंगी और जसलीन के सीन ने सबके दिलों में जगह बना ली। 'धुरंधर 2' में जसकीरत सिंह रंगी की छोटी बहन जसलीन सिंह किडनैप हो जाती है, जिसे बचाने के लिए जसकीरत एक विधायक के घर में घुसकर अपने पिता और बड़ी बहन की मौत का बदला लेने के लिए 12 लोगों को मार देता है। इसके बाद जसकीरत को उसकी बहन जसलीन एक झोपड़ी में काफी बुरी हालत में मिलती है। इसके बाद भाई-बहन के मिलने वाला इमोशनल सीन, सबके दिल में जगह बना लेता है। इसे 'धुरंधर: द रिवेंज' का सबसे इमोशनल सीन भी कहा जा रहा है।

### फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं

हाल ही में परवीर कौर पंधेर ने इंस्टाग्राम पर अपने सीन से जुड़ी पोस्ट शेयर की और अपने अनुभव को शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'इस सीन को परफॉर्म करके मुझे सच में अपने आप पर बहुत गर्व महसूस हुआ। खुद को पहचानना मुश्किल था, थोड़ा डर भी लग रहा था। लेकिन वाहीगुरु हमेशा मेरा साथ देता रहा, और इस फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं।'



# विजय सेतुपति की 'महाराजा' का सीक्वल बनेगा

विजय सेतुपति की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'महाराजा' का सीक्वल बनने जा रहा है। खुद विजय सेतुपति ने कन्फर्म किया है कि फिल्म के डायरेक्टर निथिलन समिनाथन ने दूसरे पार्ट की कहानी पूरी कर ली है। विजय ने कहा कि वे इस फिल्म की कहानी सुनने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं। 2024 में रिलीज हुई फिल्म महाराजा ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी और अब इसके दूसरे पार्ट की तैयारी शुरू हो गई है।

### डायरेक्टर निथिलन ने तैयार की स्क्रिप्ट

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में विजय सेतुपति ने फिल्म के फ्यूचर प्लान पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि 'महाराजा 2' की कहानी पर काम पूरा हो चुका है। विजय ने कहा, निर्देशक निथिलन समिनाथन ने महाराजा 2 की कहानी पूरी कर ली है। मैं इसे जल्द ही सुनने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। हालांकि, एक्टर ने अभी यह साफ नहीं किया है कि फिल्म फ्लोर पर कब जाएगी।

### 2024 की सफल फिल्मों में से एक 'महाराजा'

बता दें कि जून 2024 में रिलीज हुई 'महाराजा' विजय सेतुपति के करियर की 50वीं फिल्म थी। इस फिल्म में विजय ने एक ऐसे साधारण नाई का किरदार निभाया था, जिसकी जिंदगी में एक हादसा सब कुछ बदल देता है। फिल्म की सस्पेंस भरी कहानी और विजय सेतुपति की एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। 20 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया था।

### सीक्वल में क्या हो सकता है खास?

'महाराजा' के पहले पार्ट का क्लाइमेक्स और उसकी कहानी की बुनावट फिल्म की सबसे बड़ी ताकत थी। फिल्म में अनुराग कश्यप ने विलेन का रोल निभाया था। अब सीक्वल की खबर आने के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी या विजय सेतुपति किसी नए सस्पेंस के साथ पर्दे पर लौटेंगे।

# अभिनेता और निर्देशक के बाद निर्माता बने कुणाल खेमू

**कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरुआत की, फिर लीड एक्टर के तौर पर काम किया। पिछले साल निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म बनाई। अब वह अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। कुणाल का मकसद अलग किस्म की फिल्में बनाने का है।**

सोशल मीडिया पर कुणाल खेमू ने यह जानकारी साझा की है कि वह प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। इस प्रोडक्शन हाउस को उन्होंने चिराग निहलानी के साथ शुरू किया है। पिछले साल कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस को निर्देशित किया था, यह उनके डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को दर्शकों ने सराहा था।

कैसी फिल्में बनाएंगे कुणाल खेमू?

अपने प्रोडक्शन हाउस तले कुणाल और चिराग ऐसी कहानियों को सपोर्ट करना चाहते हैं जो मनोरंजक हो, दिलचस्प और दमदार हों। वह ऐसी फिल्में बनाना चाहते हैं, जो क्रिएटिविटी, एटरटेनमेंट का बैलेंस बनाकर चलें। कुणाल खेमू भले ही निर्माता बन गए हों लेकिन वह दूसरे प्रोडक्शन हाउस की फिल्मों में अभिनय कर रहे हैं। इस साल वह फिल्म 'गोलमाल 5' में नजर आएंगे। इस फिल्म को रोहित शेट्टी निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, अरशद वारसी के अलावा कई उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे।



# आउटसाइडर्स को मौका देंगी आलिया

आलिया भट्ट ने हाल ही में अपने नए प्रोडक्शन प्रोजेक्ट 'डोंट बी शाय' को लेकर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वह इस फिल्म के जरिए इंडस्ट्री के 'आउटसाइडर्स' यानी नए चेहरों को मौका देने जा रही हैं। यह बात आलिया ने करण जोहर के साथ अमेजन प्राइम के इवेंट के दौरान शेयर की, जहां दोनों के बीच मजेदार बातचीत भी देखने को मिली। करण ने मजाक करते हुए कहा कि आलिया अब एक समझदार प्रोड्यूसर बन चुकी हैं, वहीं आलिया ने जवाब दिया कि उन्होंने 'बेस्ट से सीखा है' कि नए एक्टर्स को कैसे लॉन्च किया जाता है।

'डोंट बी शाय' एक आने वाली फिल्म है, जो एक 20 साल की लड़की की कहानी पर आधारित है, जिसकी परफेक्ट लाइफ अचानक बदल जाती है। इस फिल्म को आलिया अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। कुल मिलाकर, आलिया अब सिर्फ एक एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि नए टैलेंट को आगे लाने वाली प्रोड्यूसर के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना रही हैं।





# कोई मुझे किसी चीज के लिए रोकता है तो पसंद नहीं

दिव्या दत्ता आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। पंजाबी फिल्मों से लेकर बॉलीवुड और अब ओटीटी तक की दुनिया में वह धूम मचा रही हैं। साल 1994 में एक्टिंग डेब्यू करने के बाद दिव्या दत्ता ने अपने 32 साल लंबे करियर में कई तरह के किरदार निभाए और अपनी पहचान पुख्ता की। 2017 में आई 'इरादा' के लिए नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं दिव्या दत्ता इस वक्त अपनी नई सीरीज 'चिरैया' को लेकर चर्चा में हैं, जो रिलीज हो चुकी है। मैरिटल रेप जैसे संवेदनशील मुद्दे पर आधारित सीरीज 'चिरैया' के साथ-साथ दिव्या दत्ता ने इंटरव्यू में सिस्टरहुड, शादी रूपी संस्था पर बात की। इसके अलावा उन्होंने औरतों को एम्पावर करने की अहमियत, औरतों के बीच इन्सिक्योरिटी, अपनी शादी और पितृसत्तात्मक सोच को लेकर बात की।

**आपकी सीरीज में एक जेठानी अपनी देवरानी के लिए खड़ी होती है, जो देखना काफी सुखद है। औरतों का एक-दूसरे को एम्पावर करना, सपोर्ट करना आप कितना जरूरी मानती है?**

बहुत जरूरी है क्योंकि हमारे समाज में बहुत सी औरतें अपने लिए बोल नहीं पातीं। ऐसे में, कोई अपना नजरिया साइड में रखकर आपको सुने, एक-दूसरे को थामे तो हमारे समाज के लिए बहुत खूबसूरत बात होगी। मेरे भाई ने एक कविता लिखी थी- 'तुमने कहा था कि हम एक ही हैं तो अपने बराबर कर दो।' उसने लड़का होकर महिलाओं पर लिखी थी, जो बहुत पसंद की गई, बहुत वायरल हुई और मैं सोचती थी कि यह कविता इतनी क्यों हिट हुई? फिर मुझे अहसास हुआ कि बहुत सी महिलाएं बोल ही नहीं पातीं कि अपने बराबर कर दो ना। इस कविता के जरिए उन्हें लगा कि किसी ने तो उनके मन की बात बोली जो वो खुद नहीं बोल पातीं। इसी तरह इस शो में एक महिला दूसरी के लिए खड़ी हुई, वो भी उस रिश्ते में जो खून का नहीं है। वो मां बेटी नहीं, देवरानी जेठानी हैं, जिनके बीच मुकाबले, इनसिक्योरिटी की ही चर्चा होती है तो ये कितनी प्यारी बात है।

**निजी जिंदगी में ऐसी कोई पितृसत्तात्मक सोच रही, जिसके खिलाफ विद्रोह करने का मन किया? या आपने उसे तोड़ा हो?**

मेरी मां सिंगल मदर थीं। मैंने अपने पिता जी को बहुत कम उम्र में खो दिया था। उन्होंने अकेले ही मुझे पाला और हमें अपने फैसले खुद लेने की आजादी दी। उन्होंने मुझे बताया था कि उन्हें कहा गया था कि तुम्हें डॉक्टर ही बनना है तो वो डॉक्टर बन गईं। वो बहुत अच्छा लिखती थीं और बाद में भी लिखती रहीं। लेकिन उन्हें वो चुनने की आजादी नहीं मिली, तो उन्होंने मुझसे कहा कि अगर तुम एक्टर बनना चाहती हो तो बनो। मैं कल को ये नहीं सुनना चाहती कि तुम कहो कि मैं ये करना चाहती थी पर मेरी मां ने नहीं करने दिया। वो आजादी मेरे पास रही और इस सोच के साथ मैं बड़ी हुई हूं। ऐसे में, अगर कोई मुझे किसी चीज के लिए रोकता है, ऐसा अब भी होता है कि नहीं, नहीं ऐसे नहीं करो, तो मुझे पसंद नहीं और जहां मुझे लगता है कि बोलना चाहिए तो मैं बोल देती हूं।

**'चिरैया' मैरिटल रेप जैसे संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है। इस पर आपकी निजी राय क्या है?**

असल में यह एक महिला की कहानी है, जिसकी जिंदगी में सब कुछ खूबसूरत चल रहा है। हालांकि, उसे जो सही या नॉर्मल लगता है, वो असल में है नहीं, मगर ये फैसला कौन करेगा कि क्या सही है, क्या गलत, क्योंकि हमारे यहां बहुत से लोगों को सही-गलत मालूम ही नहीं होता। एक ढर्रा चलता जाता है। हालांकि, हम कोई आंदोलन नहीं कर रहे हैं, पर यह कहानी इतनी रिलेटेबल है कि आपको लगेगा कि इसके बारे में लोगों का जागरूक करना चाहिए, क्योंकि बहुत से लोगों को पता ही नहीं है कि ऐसा हो रहा है।

**शादी रूपी संस्था के बारे में आपकी क्या राय है? सलमान खान समेत बहुत से लोग अब इसे प्रासंगिक ही नहीं मानते ! आपने खुद शादी की अनिवार्यता की धारणा तोड़ी है !**

मुझे समझ नहीं आता कि इसे इतना बड़ा मुद्दा क्यों बनाया जाता है? हर कोई मुझसे शादी को लेकर पूछता है। मुझे लगता है कि मुझे इसका जवाब ही नहीं देना है। इसमें धारणा तोड़ने जैसी बात ही नहीं है। यह मेरी जिंदगी है। मैं जैसा चाहूंगी वैसा करूंगी। उस पर बात करना उसे जस्टिफाई करना मुझे जरूरी नहीं लगता। बाकी रही दूसरों की सोच की बात, तो हर किसी का अपना नजरिया है। बहुत से लोग शादी करना चाहते हैं, कई नहीं करना चाहते। दोनों में से कोई भी गलत नहीं है। दोनों का अपना नजरिया है और हमें दोनों का सम्मान करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रांस के राष्ट्रपति ने लेबनान की संप्रभुता का सम्मान करने की अपील की

**पेरिस, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में उपजे तनाव के बीच इस्राइल ने लेबनान पर भी ताबड़तोड़ हमले किए हैं। ईरान और अमेरिका-इस्राइल के टकराव के बीच लेबनान में हो रही बमबारी को लेकर फ्रांस ने चिंता जताई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि लेबनान की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। बता दें कि तनावपूर्ण हालात के बीच 22 देशों ने ईरान से युद्ध रोकने की अपील की है। भारत की संसद से पीएम मोदी ने भी शांति की अपील की है और कूटनीति पर जोर दिया है। इसी बीच रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान ने मध्यस्थता की पहल की है और ईरान-अमेरिका के अधिकारी इस्लामाबाद में मिल सकते हैं। फिलहाल, 25 दिनों से बमबारी जारी है। अमेरिका, ईरान और इस्राइल में कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा है। वैश्विक ताकतों के इस टकराव के कारण पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में उपजा ये अभूतपूर्व मानवीय संकट और गहराने की आशंका है।

### अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए 'लेवल 4 : यात्रा न करें' चेतावनी जारी की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग ने नागरिकों को इराक तुरंत छोड़ने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान समर्थित आतंकवादी मिलिशिया ने इराक और कुर्दिस्तान क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिका का आरोप है कि अमेरिकी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, ऐसे में मिसाइलों, ड्रोन और रॉकेटों के जोखिम के चलते दूतावास या वाणिज्य दूतावास जाने से बचें। सभी कांसुलर सेवाएं निलंबित हैं इराक जाने से बचने की अपील करते हुए अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए 'लेवल 4 : यात्रा न करें' चेतावनी जारी की है। शनिवार को विदेश विभाग ने विश्वव्यापी चेतावनी भी जारी की थी। इसमें ईरानी समर्थकों द्वारा अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने की आशंका जताई गई। अमेरिकियों को मध्य पूर्व सहित दुनिया भर में अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

### ऑस्ट्रेलिया :16 साल से कम उम्र के बच्चों के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी डिवाइस चलाने पर लगेगा प्रतिबंध

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य में नए सुरक्षा कानूनों के तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी डिवाइस (जैसे ई-बाइक और ई-स्कूटर) चलाने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला मंगलवार को घोषित किया गया। राज्य सरकार ने बताया कि ई-मोबिलिटी सुरक्षा पर बनी संसदीय समिति की सभी 28 सिफारिशों को पूरी तरह या सिद्धांत रूप में स्वीकार कर लिया गया है। इनमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर प्रतिबंध भी शामिल है। क्वींसलैंड के परिवहन मंत्री ब्रेंट मिकेलबर्ग ने कहा कि सरकार जल्द ही इन सिफारिशों को कानून बनाने के लिए संसद में पेश करेगी। नए नियमों के मुताबिक, ई-बाइक और ई-स्कूटर चलाने के लिए कम से कम क्वींसलैंड का लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी होगा। यह लाइसेंस 16 साल की उम्र में मिलता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चलाने वाले को ट्रैफिक नियमों की जानकारी हो। जांच में सामने आया कि साल 2025 में क्वींसलैंड में ई-मोबिलिटी से जुड़े हादसों में 12 लोगों की मौत हुई और 6,300 लोग घायल हुए।

### अमेरिका को मिलेगा सऊदी और यूएई का साथ! ईरान के खिलाफ युद्ध में उतर सकते हैं 2 और देश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध अब और भीषण होने जा रहा है। खबर है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में सऊदी अरब और यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात युद्ध में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, अब तक इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। अमेरिका के खिलाफ ऐक्शन में ईरान ने यूएई समेत कई जगहों पर धमाके किए थे। वॉल स्ट्रीट जनरल के अनुसार, सऊदी अरब और यूएई ने ईरान युद्ध में शामिल होने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। मामले के जानकारों ने अखबार को बताया कि सऊदी अरब ने किंग फाहद एयर बेस तक अमेरिका को पहुंच प्रदान करने में सहमति जताई है। खास बात है कि सऊदी अरब लंबे समय से कहता आ रहा है कि उसके एयर बेस का इस्तेमाल पुराने दुश्मन पर हमले के लिए नहीं किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, कहा जा रहा है कि यूएई ने ईरान के मालिकाना हक वाले एक अस्पताल और क्लब को बंद कर दिया है। माना जा रहा है कि तेहरान के लिए ये ठिकाने बेहद अहम थे। अखबार के अनुसार, कुछ वीडियोज से जाहिर तौर पर यह भी पता चला कि ईरान पर हमले में इस्तेमाल की गई मिसाइलें बहरीन से दागी गई थीं। कूटनीतिक मोर्चे पर सऊदी अरब ने ईरान के सैन्य अटैची और चार दूतावास कर्मचारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। सऊदी अरब ने ईरान पर अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

# ट्रम्प ने रक्षामंत्री के कहने पर ईरान पर हमला किया

## उपराष्ट्रपति वेंस इससे खुश नहीं थे ; ईरान को एटमी हथियार बनाने से रोकना था

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ईरान पर हमले को लेकर सबसे पहले उन्होंने अपने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से बात की थी। उन्होंने कहा कि पीट ने कहा, चलिए सैन्य कार्रवाई करके देखते हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को चार हफ्ते होने वाले हैं। फिलहाल युद्ध थमने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। अब डोनाल्ड ट्रंप भी इस युद्ध का ठीकरा अपने ही रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर फोड़ रहे हैं। उन्होंने सोमवार को ही एक कार्यक्रम में कहा कि उनके डिफेंस सेक्रेटरी हेगसेथ ने ही सबसे पहले इस सैन्य कार्रवाई का दबाव डाला था। ट्रंप ने अपने साथ ही बैठे हेगसेथ से कहा, पीट, मुझे लगता है कि इस बारे में हम दोनों ने ही सबसे पहले बात की थी और आपने कहा था कि चलो करके देखते हैं। आपने कहा था कि उन्हें (ईरान) इस तरह से परमाणु हथियार रखने की छूट नहीं दी जा सकती। बता दें कि ईरान पर अमेरिका के हमले को लेकर डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन भी अलग-अलग जवाब देता है। वहीं जानकारों का कहना है कि इजरायल ईरान पर हमला कर रहा था और ऐसे में अमेरिका को भी उसके साथ कूदना पड़ा। अन्य लोगों का कहना है कि



ईरान बड़ी संख्या में परमाणु हथियारों को तैनात करने की तैयारी कर रहा था, ऐसे में उसे रोकना जरूरी था।

**समझौता चाहता है ईरान-डोनाल्ड ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ा दी है, साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले को अब पांच दिन के लिए टाल देगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी दूत एक ''सम्मानित'' ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं और ईरान ''समझौता करना चाहता है।' वहीं ईरान के अधिकारियों ने ऐसी किसी भी बात से साफ इनकार किया और कहा कि ''ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीछे हटने का निर्णय किया।

**ईरान में 1500 की मौत :** ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, ''हम कोई परमाणु बम या परमाणु हथियार नहीं देखना चाहते।'' इस बीच ईरान में संघर्ष में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,500 से अधिक जबकि लेबनान में 1,000 से अधिक पहुंच गई है। वहीं इजराइल में 15 और 13 अमेरिकी सैन्य कर्मी मारे गए हैं। इसके अलावा, खाड़ी क्षेत्र में भी कई नागरिक मारे गए है। ईरान और लेबनान में लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। उत्तरी इजराइल में एक संभावित हमले की सूचना के बाद मंगलवार तड़के राहत एवं बचाव टीम घटनास्थल पर पहुंचीं। 'होम फ्रंट कमांड' के अनुसार, इलाके में किसी वस्तु के गिरने की खबर मिली थी, जिसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। लोगों से अपील की गई कि वे उस क्षेत्र में एकत्र न हों। इससे पहले इजराइली सेना ने चेतावनी दी थी कि ईरान की ओर से इजराइल की तरफ मिसाइलें दागी जा रही हैं। इस बीच, इजराइल की वायुसेना ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर जोरदार हवाई हमले किए। सेना का कहना है कि इन हमलों का लक्ष्य हिज्बुल्ला के ठिकाने और बुनियादी ढांचे थे, इन हमलों में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। हमलों के दौरान बहुत नीचे उड़ते लड़ाकू विमानों की आवाज़ें सुनी गईं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। लेबनानी अधिकारियों ने कहा है कि इजराइली हमलों में अब तक लेबनान में 1,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 10 लाख लोग विस्थापित हो गए हैं।

## होर्मुज से जहाज सुरक्षित निकालने के लिए ईरान ने दुनिया के सामने रखी शर्त

**तेहरान, एजेंसी।** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में फंसे जहाजों को निकालने का एकमात्र रास्ता ईरानी अधिकारियों से पहले से की गई बातचीत है। हाल ही में ईरान की सुरक्षा परिषद ने यह ऐलान किया है। साथ ही परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान के तटों या द्वीपों को निशाना बनाने की कोशिश की गई, तो बड़े जलमार्गों पर नौसैनिक बारूदी सुरंगे बिछा दी जाएंगी। युद्ध के बीच स्ट्रेट के दोनों ओर बड़ी संख्या में तेल के जहाज फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अुसार, सोमवार को परिषद ने होर्मुज को लेकर बड़ी घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि अब गैर शत्रुतापूर्ण जहाज या नॉन हॉस्टाइल वैसल्स का स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरना पूरी तरह से ईरानी अधिकारियों के साथ पहले से तालमेल पर निर्भर होगा। परिषद ने चेताया है कि अगर मुल्क के पावर प्लांट्स पर हमले किए जाते हैं, तो तत्काल और निर्णायक जवाब ईरानी बलों की तरफ से दिया जाएगा।

**नेवल माइन्स बिछाने की धमकी :** परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि ईरानी तटों या द्वीपों को निशाना बनाने की कोई भी कोशिश की गई, तो सभी प्रमुख समुद्री व्यापारिक रास्तों पर 'विभिन्न प्रकार की नौसैनिक बारूदी सुरंगें' बिछा दी जाएंगी। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि ऐसे कदम उठाना उनका कानूनी अधिकार है और सैन्य स्तर पर स्वीकार्य भी है। परिषद ने चेताया कि कोई भी रक्षात्मक उपाय फारस की खाड़ी में समुद्री गतिविधियों पर रोक लगा देंगे, जिसके चलते स्ट्रेट



ऑफ होर्मुज जैसी स्थिति तैयार हो जाएगी। बयान में कहा गया है कि अगर समुद्री गतिविधियों में रुकावट आती है, तो इसकी जिम्मेदारी वॉशिंगटन और इजरायली शासन की होगी। परिषद ने इस बात की पुष्टि की है कि अगर जहाज सुरक्षित रूप से क्षेत्र से गुजरना चाहते हैं, तो 'ईरान के साथ समन्वय' ही एकमात्र रास्ता है। ईरान को मित्र देशों से अमेरिका की बातचीत के प्रस्ताव के संदेश मिले ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसे मित्र देशों के जरिए अमेरिका की बातचीत के प्रस्ताव के बारे में संदेश मिले हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि युद्ध शुरू होने के बाद से ऐसी कोई बातचीत हुई है।

सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने कहा, पिछले कुछ दिनों में कुछ मित्र देशों के जरिए संदेश मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि अमेरिका ने युद्ध खत्म करने के मकसद से बातचीत का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, उन्होंने पिछले 24 दिनों से चल रहे इस थोपे गए युद्ध के दौरान अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत या चर्चा से इनकार किया।

## ईरान से तनातनी के बीच ट्रंप ने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर से फोन पर की बात

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध से उपजी चिंताओं के बीच पाकिस्तान दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने की कोशिश करता नजर आ रहा है। वह अमेरिका के संदेशों को ईरान पहुंचा रहा है और ईरान के जवाबों से अवगत करा रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर से फोन पर बात की। व्हाइट हाउस के मुताबिक चर्चा का मुख्य विषय ईरान युद्ध था। हालांकि इस बातचीत को संवेदनशील बताते हुए अधिकारियों ने और ज्यादा बताने से इनकार कर दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लिविट ने पहले कहा था कि ये संवेदनशील कूटनीतिक चर्चा है और अमेरिका मीडिया के जरिए कोई वार्ता नहीं करेगा। सूत्रों के अनुसार, मुनीर ने ट्रंप से बातचीत की और पाकिस्तान ने खुद को अमेरिकी और ईरानी वरिष्ठ अधिकारियों के बीच वार्ता की संभावित जगह के रूप में पेश किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बात की। एक्स पोस्ट के जरिए उन्होंने ईद-उल-फितर और नवरोज की शुभकामनाएं दीं और ईरान के लोगों के साथ अपनी सहानुभूति जताई।

शरीफ ने कहा कि दोनों पक्षों ने खाड़ी क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की और तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति की जरूरत पर सहमति जताई। उन्होंने इस्लामी दुनिया में एकता और क्षेत्र में शांति स्थापित करने में पाकिस्तान की भूमिका पर भी जोर दिया। इस बीच सोमवार को ट्रंप ने कहा कि तेहरान के साथ बेहतर और सार्थक बातचीत के बाद उन्होंने हमले को पांच दिनों तक टालने की घोषणा की थी, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता का ट्रंप के फैसले से सीधा संबंध है या नहीं। ईरान ने सीधे अमेरिका के साथ बातचीत से इनकार किया है, लेकिन विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुछ मित्र देशों के माध्यम से संदेश मिले हैं। विश्लेषकों के अनुसार, यह कूटनीतिक प्रयास अभी शुरुआती चरण में है और इसे पूरी तरह से संरचित वार्ता नहीं माना जा सकता।

## पाकिस्तान दुनिया का नंबर वन प्रदूषित देश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पाकिस्तान को दुनिया का सबसे प्रदूषित देश घोषित किया गया है। एक शोध से पता चला है कि पाकिस्तान में खतरनाक सूक्ष्म कणों (पीएम2.5) की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा बताए गए सुरक्षित स्तर से 13 गुना अधिक है। राहत की बात यह है कि पिछले साल 13 देशों और क्षेत्रों ने अपने औसत पीएम2.5 स्तर को डब्ल्यूएचओ के मानक (5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से कम) पर बनाए रखा, जबकि 2024 में यह संख्या केवल 7 थी।

**टॉप 3 सबसे प्रदूषित देश :** स्विस वायु गुणवत्ता निगरानी संस्था 'आईक्यूएयर' द्वारा मंगलवार को जारी की गई 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान प्रदूषण के मामले में नंबर वन देश है। जिन 143 देशों और क्षेत्रों की निगरानी की गई, उनमें से 130 देश डब्ल्यूएचओ के सुरक्षित वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों को पूरा करने में विफल रहे। पाकिस्तान के बाद, बांग्लादेश दुनिया का दूसरा और



ताजिकिस्तान तीसरा सबसे प्रदूषित देश रहा। 2024 में दुनिया का सबसे प्रदूषित देश रहा चाड, 2025 में चौथे स्थान पर खिसक गया। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि पीएम2.5 के स्तर में यह गिरावट असल में सुधार नहीं, बल्कि 'डेटा की कमी' का परिणाम है। वहीं भारत इस लिस्ट में छठे स्थान पर है।

**डेटा की कमी और अमेरिकी निगरानी कार्यक्रम का बंद होना :** पिछले साल मार्च में, अमेरिका ने बजट की कमी का हवाला देते हुए अपने दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों से प्रदूषण डेटा इकट्ठा करने वाले वैश्विक निगरानी कार्यक्रम को बंद कर दिया था। आईक्यूएयर रिपोर्ट की प्रमुख लेखिका क्रिस्टी चेस्टर श्रोएडर ने बताया कि मार्च में डेटा खोने से ऐसा लगा कि (चाड में) पीएम2.5 के स्तर में भारी गिरावट आई है, लेकिन वास्तविकता यह है कि हमें इसके बारे में जानकारी ही नहीं है। अमेरिका के इस फैसले ने कई प्रदूषण-ग्रस्त देशों के लिए डेटा का प्राथमिक स्रोत ही खत्म कर दिया। जानकारी के इसी अभाव के कारण बुरुंडी, तुर्कमेनिस्तान और टोगो जैसे देशों को 2025 की रिपोर्ट से बाहर कर दिया गया है। दुनिया का सबसे प्रदूषित शहरः भारत का लोनी शहर 2025 में दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा, जहां औसत पीएम2.5 स्तर 112.5 माइक्रोग्राम दर्ज किया गया। इसके बाद चीन के शिनजियांग क्षेत्र का होटन शहर 109.6 माइक्रोग्राम के साथ दूसरे स्थान पर रहा। यह चिंताजनक है कि दुनिया के शीर्ष 25 सबसे प्रदूषित शहर केवल भारत, पाकिस्तान और चीन में ही स्थित हैं। शहरों का गिरता स्तरः 2025 में दुनिया के केवल 14% शहरों ने डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा किया, जो कि एक साल पहले (17%) के मुकाबले कम है। इसका एक बड़ा कारण कनाडा के जंगलों में लगी आग थी, जिसने अमेरिका और यूरोप तक पीएम2.5 के स्तर को बढ़ा दिया। ला नीना मौसम प्रणाली के कारण बढ़ी नमी और हवाओं के चलते लाओस, कंबोडिया और इंडोनेशिया में पिछले वर्ष की तुलना में पीएम2.5 में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।

## मध्य पूर्व में हिंसा की बड़ी कीमत चुका रहे बच्चे, संघर्ष में अब तक 2,100 से ज्यादा हताहत : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयार्क, एजेंसी।** मध्य पूर्व में बढ़ते सैन्य संघर्ष के बाद से अब तक 2,100 से अधिक बच्चे या तो मारे जा चुके हैं या घायल हुए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के उप कार्यकारी निदेशक टेड चैबन ने दी। उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संघर्ष शुरू हुए 23 दिन हो चुके हैं और इस दौरान पूरे क्षेत्र के बच्चे सबसे ज्यादा नुकसान झेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह लड़ाई और लंबी चली या बड़े स्तर पर फैल गई, तो लाखों और बच्चों के लिए स्थिति बेहद भयावह हो सकती है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में 206 बच्चे ईरान में, 118 लेबनान में, चार इजरायल में और एक कुवैत में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद से हर दिन औसतन 87 बच्चे या तो मारे जा रहे हैं या घायल हो रहे हैं। मौत और चोटों के अलावा, लगातार हो रही बमबारी और लोगों को जगह खाली करने के आदेशों के कारण कई देशों में बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। ईरान में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुमान के मुताबिक करीब 32 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें लगभग 8 लाख 64 हजार बच्चे शामिल हैं। वहीं लेबनान में 10 लाख से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ चुके हैं, जिनमें करीब 3 लाख 70 हजार बच्चे हैं। चैबन ने कहा कि इस संघर्ष के बढ़ने से पहले ही मध्य पूर्व में लगभग 4 करोड़ 48 लाख बच्चे ऐसे हालात में रह रहे थे, जो पहले से ही संघर्ष से प्रभावित थे। हाल ही में लेबनान के अपने दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की स्थिति बेहद चिंताजनक है और पूरे क्षेत्र में जो हो रहा है, उस पर दुनिया का पूरा ध्यान और मिलकर कार्रवाई जरूरी है। लेबनान में 350 से ज्यादा सरकारी स्कूलों को राहत शिविर बना दिया गया है, जिससे करीब 1 लाख बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। इसके अलावा पानी की व्यवस्था खराब हो गई है और लोगों की मदद करते समय कई स्वास्थ्यकर्मियों की मौत भी हुई है। यूनिसेफ ने अब तक 250 से ज्यादा शिविरों और दूर-दराज के इलाकों में 1 लाख 51 हजार विस्थापित लोगों तक जरूरी सामान पहुंचाया है। साथ ही 188 शिविरों में करीब 46 हजार लोगों को पानी और साफ-सफाई की सुविधा दी जा रही है। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं और उपलब्ध संसाधन कम पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत उनके दायित्वों की याद दिलाते हैं। जैसा कि महासचिव ने संकेत दिया है हमें इस युद्ध को रोकने और आगे बढ़ने के लिए एक राजनीतिक रास्ते की जरूरत है।

## ईरान और अमेरिका के बीच दूरी मिटाने में जुटे ये मुस्लिम देश, इस्लामाबाद में हो सकती है मध्यस्थता बैठक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव को खत्म करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इस बीच रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस सप्ताह इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक होने की संभावना है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले रोकने के एलान के बाद कूटनीतिक गतिविधियों में तेजी आई है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान के साथ सकारात्मक बातचीत की वजह से हमलों को पांच दिन के लिए रोका गया है।

**कौन से मुस्लिम देश कर रहे जंग खत्म करने के कूटनीतिक प्रयास :** रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान, तुर्किये और मिस्र पर्दे के पीछे रहकर दोनों देशों को बातचीत की मेज पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। एक वरिष्ठ इस्राइली अधिकारी ने बताया कि इस्लामाबाद में बैठक आयोजित करने के लिए संपर्क जारी हैं, जिसमें अमेरिका और ईरान के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं।

एक पाकिस्तानी अधिकारी और एक अन्य सूत्र ने बताया कि युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत इसी सप्ताह इस्लामाबाद में हो सकती है। पाकिस्तानी अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के इस्लामाबाद में ईरानी अधिकारियों से मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में दावा- ईरानी संसद के अध्यक्ष के संपर्क में



अमेरिका इस्राइल को मध्यस्थता के लिए की जा रही इन कोशिशों की जानकारी थी, लेकिन ट्रंप के इस दावे से वह हैरान है कि बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। हाल के दिनों में तुर्किये, मिस्र और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने अलग-अलग बैठकों में व्हाइट हाउस के दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से चर्चा की है। इस्राइली मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ से भी संपर्क किया है, जो इस संघर्ष के दौरान अहम निर्णयकर्ता के रूप में उभरे हैं। एक सूत्र ने बताया कि मध्यस्थता जारी है और प्रगति हो रही है, जिसका उद्देश्य युद्ध को समाप्त करना और बाकी मुद्दों का समाधान निकालना है। ट्रंप ने किया ईरान पर सैन्य कार्रवाई रोकने का एलान इस बीच ट्रंप ने कहा कि बातचीत काफी मजबूत रही है और कई अहम बिंदुओं पर सहमति बन चुकी है। उन्होंने बताया कि कूटनीति के लिए पांच दिनों तक सैन्य कार्रवाई रोकी गई है। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत सफल रहती है तो हम समझौते तक पहुंच जाएंगे, वरना हम फिर से कार्रवाई करेंगे। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान ने खुद बातचीत के लिए संपर्क किया है।

## टेक्सास की तेल रिफाइनरी में विस्फोट से हड़कंप, स्थानीय लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका में टेक्सास तट के पास सोमवार को एक तेल रिफाइनरी में विस्फोट हुआ। इस धमाके के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और आसमान में धुएं का भारी गुबार छा गया। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्थानीय निवासियों को घरों के भीतर ही रहने का आदेश जारी किया है।

**राहत बचाव कार्य जारी :** यह विस्फोट ह्यूस्टन से लगभग 145 किलोमीटर पूर्व में स्थित पोर्ट आर्थर की वैलेरो रिफाइनरी में हुआ। पोर्ट आर्थर की मेयर चार्लोट एम. मोसेस ने जानकारी दी कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी मौके पर पहुंच चुके हैं और जल्द से जल्द आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। मेयर ने शहर के पश्चिमी हिस्से के लोगों से अपील की है कि वे घरों से बाहर न निकलें।

**क्या बोले स्थानीय निवासी :** सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में रिफाइनरी से आग की लपटें और काला धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां तक हिल गईं। प्रशासन ने फेसबुक के जरिए संदेश दिया है कि जब तक आपातकालीन सेवाओं की ओर से खतरा टलने की घोषणा का संकेत न मिल जाए, तब तक लोग सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

**लोगों से सतर्क रहने की अपील :** टेक्सास के राज्य प्रतिनिधि क्रिश्चियन मैनुअल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि 'टेक्सास कमीशन ऑन एनवायर्नमेंटल क्वालिटी' की टीम वायु निगरानी उपकरणों के साथ रिफाइनरी पहुंच गई है। उन्होंने निवासियों को सलाह दी है कि वे बाहरी गतिविधियों को सीमित करें और अपने घरों के खिड़की-दरवाजे बंद रखें।

वैलेरो की वेबसाइट के अनुसार, इस



रिफाइनरी में लगभग 770 कर्मचारी काम करते हैं और इसकी क्षमता प्रतिदिन लगभग 4,35,000 बैरल तेल संसाधित करने की है। यह प्लांट कच्चे तेल से गैसोलीन, डीजल और जेट ईंधन तैयार करता है। गौरतलब है कि यह विस्फोट ऐसे समय में हुआ है जब ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति में अनिश्चितता बनी हुई है और गैस की कीमतों में पहले से ही भारी उछाल देखा जा रहा है। फिलहाल वैलेरो कंपनी की ओर से इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**अमेरिका की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक :** वालेरो पोर्ट आर्थर रिफाइनरी टेक्सा गल्फ कोस्ट से लगभग 90 मील की दूरी पर स्थित है। यहां लगभग 770 कर्मचारी का मकरते हैं। एक दिन में यहां 435000 बैरेल गैसोलीन, डीजल और जेट फ्यूल रिफाइन किया जाता है। जानकारों का कहना है कि इस रिफाइनरी में आग लगने के बाद ऑपरेशन रुक सकता है। इसका असर क्षेत्रीय फ्यूल सप्लाई पर भी पड़ सकता है। एक जानकार ने अनुमान लगाया है कि हीटिंग यूनिट में विस्फोट आग लगने की वजह हो सकती है। बता दें कि ईरान से युद्ध के बीच अफवाह यह भी फैल रही है कि ईरान ने ही यह हमला किया है। हालांकि अगर ईरान की सैन्य क्षमता देखें तो उसकी मिसाइलें अमेरिका तक पहुंचने में सक्षम नहीं हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com